

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,गुरुवार 13 अगस्त 2026 ■ श्रावण शुक्ल पक्ष-1 ■ वर्ष -42 ■ अंक-136 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 14 अगस्त 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## अरुणाचल में चीनी 'धीमी घुसपैठ' के दावे खारिज

**नई दिल्ली,13 अगस्त।** भारतीय सेना ने अरुणाचल प्रदेश में चीन की कथित 'धीमी घुसपैठ' और भारतीय क्षेत्र पर कब्जे के दावों को खारिज करते हुए स्पष्ट किया है कि भारत ने कोई क्षेत्र नहीं खोया है और सभी पोस्ट भारतीय नियंत्रण में हैं। सेना के सूत्रों के अनुसार, चीन की ओर से किसी 'स्लो एन्क्रोचमेंट' की बात सही नहीं है। सेना और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस सीमा पर चीनी गतिविधियों पर नजर रखने तथा किसी भी चुनौती से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यह स्पष्टीकरण अपर सुबनसिरी जिले के तक्सिंग सेक्टर को लेकर पीपुल्स पार्टी ऑफ अरुणाचल की चार सदस्यीय फैक्ट-फाइंडिंग कमेटी के दावों के बाद आया है। समिति ने 10 जुलाई को क्षेत्र का दौरा कर स्थानीय लोगों और सुरक्षा अधिकारियों से बातचीत की थी। समिति ने आरोप लगाया कि कुछ पेट्रोलिंग प्वाइंट तक भारतीय जवानों की पहुंच प्रभावित हुई है और पारंपरिक चराई एवं शिकार क्षेत्रों में चीन की गतिविधियां बढ़ी हैं। समिति ने शेरा-5 पेट्रोलिंग प्वाइंट का भी उल्लेख किया, जहां उसके अनुसार 2023 में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच टकराव हुआ था। हालांकि, ये समिति के निष्कर्ष हैं और भारतीय सेना का आधिकारिक आकलन नहीं है। समिति ने सीमा क्षेत्र में सड़क, संचार, हेलीपैड और स्थायी सैन्य ढांचे को मजबूत करने की मांग की है। वहीं सेना का कहना है कि अनिर्धारित सीमा के कारण पेट्रोलिंग के दौरान दोनों पक्षों के सैनिकों का आमना-सामना हो सकता है और ऐसे मामलों को स्थापित प्रोटोकॉल के तहत संभाला जाता है। भारत का स्पष्ट रुख है कि अरुणाचल प्रदेश देश का अभिन्न हिस्सा है और सीमा पर भारतीय नियंत्रण एवं सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

## इमरान खान की मौत का दावा

**करांची,13 अगस्त।** इस वक्त की बड़ी खबर भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान से आई है। जेल में बंद इमरान खान की मौत का दावा किया गया है। पाकिस्तानी पत्रकार ने दावा किया कि पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की जेल में मौत हो गई है। सीनियर पाकिस्तानी पत्रकार वजाहत एस खान ने दावा किया कि तीन वरिष्ठ सैन्य सूत्रों को आशंका है कि इमरान अब जिंदा नहीं हैं। वहीं इमरान खान की जेल में मौत होने की अटकलों ने सनसनी मचा दी है।

## ईडी के खिलाफ मोक्षित कॉरपोरेशन की याचिका खारिज

**बिलासपुर,13 अगस्त।** करीब 80.36 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्की के मामले में मोक्षित कॉरपोरेशन को हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। कंपनी ने ईडी की कार्रवाई को चुनौती देते हुए रिट याचिका दायर की थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया। ईडी ने PMLA की धारा 5(1) के तहत कंपनी की 46 चल-अचल संपत्तियां कुर्क की थीं। यह आदेश 13 मार्च 2026 को जारी हुआ था। कंपनी का दावा था कि ईडी ने वैध कारोबारी गतिविधियों से हुई कमाई को अपराध की आय मानकर कार्रवाई की।

# नांदगांव के नाहटा ग्रुप के ठिकानों पर ईडी का छापा

■ तरुण छत्तीसगढ़

**राजनांदगांव,13 अगस्त।** राजनांदगांव में गुरुवार सुबह ईडी की बड़ी कार्रवाई, रायपुर-भोपाल की टीमों ने तीन ठिकानों पर एक साथ दबिश दी। भंसाली किराए भंडार और नाहटा ग्रुप से जुड़े परिसरों में दस्तावेजों व वित्तीय लेनदेन की जांच जारी है। राजनांदगांव में गुरूवार सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की अचानक कार्रवाई से कारोबारी हलकों में हड़कंप मच गया। शहर से लगे तीन अलग-अलग ठिकानों पर केंद्रीय जांच एजेंसी की टीमों ने एक साथ दबिश दी। कार्रवाई सुबह करीब 6 बजे शुरू हुई। रायपुर और भोपाल से पहुंची अलग-अलग टीमों ने परिसरों में जांच शुरू की।

जानकारी के मुताबिक कार्रवाई भंसाली किराए भंडार और सत्यम विहार स्थित नाहटा ग्रुप से जुड़े प्रतिष्ठानों समेत तीन ठिकानों पर चल रही है। ईडी की टीमों ने परिसर में पहुंचते ही दस्तावेजों और कारोबारी गतिविधियों से जुड़े रिकॉर्ड की जांच शुरू कर दी। अचानक हुई कार्रवाई से आसपास के लोगों में भी चर्चा तेज हो गई। जांच टीमों का फोकस दस्तावेजों और वित्तीय लेनदेन से जुड़े रिकॉर्ड पर बताया जा रहा है। कारोबारी खातों, लेनदेन और दूसरे वित्तीय दस्तावेजों को खंगाला जा रहा है। हालांकि अभी यह साफ नहीं है कि एजेंसी को किस खास लेनदेन या मामले से जुड़े दस्तावेजों की तलाश है। आधिकारिक तौर पर कार्रवाई के कारण की पुष्टि नहीं हुई है। कार्रवाई के लिए



अलग-अलग स्थानों से टीमें राजनांदगांव पहुंचीं। रायपुर और भोपाल से आई टीमों ने अलग-अलग परिसरों को जांच के दायरे में लिया। इससे संकेत है कि कार्रवाई पहले से तैयार योजना के तहत की गई है।

**वित्तीय रिकॉर्ड खंगाल रही टीम**

हालांकि जांच किस केस या पुराने प्रकरण से जुड़ी है, इसका खुलासा एजेंसी की ओर से नहीं किया गया है ।ईडी की कार्रवाई के दौरान सभी संबंधित परिसरों के बाहर स्थानीय पुलिस बल भी तैनात किया गया है। जांच पूरी होने तक बाहरी लोगों की आवाजाही पर निगरानी रखी जा रही है। अधिकारी अंदर दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं। कार्रवाई लंबी चलने की संभावना के बीच कारोबारी क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। कार्रवाई में नाहटा ग्रुप से जुड़े प्रतिष्ठानों का नाम सामने आने के बाद मामला और चर्चा में आ गया है। एजेंसी किन कारोबारियों या संस्थानों के बीच वित्तीय कड़ियों को तलाश रही है, यह अभी सामने नहीं आया है। ईडी की जांच पूरी होने के बाद ही कार्रवाई के पीछे की असली वजह स्पष्ट होगी। फिलहाल तीनों ठिकानों पर जांच जारी है। ईडी की ओर से न तो किसी गिरफ्तारी की जानकारी दी गई है और न ही कार्रवाई से जुड़े मामले का आधिकारिक विवरण सामने आया है। ऐसे में अभी हर दावा जांच के नतीजे पर निर्भर करेगा। दस्तावेजों की पड़ताल पूरी होने के बाद ही पता चलेगा कि एजेंसी को क्या मिला और कार्रवाई आगे किस दिशा में बढ़ती है।



**रायपुर। स्वतंत्रता दिवस समारोह के पूर्व आज सालेम स्कूल से तिरंगा यात्रा निकाली गई।**

# 100 कलाकारों की प्रस्तुति से गूंजी 'आजादी की धुन'

**रायपुर,13 अगस्त।** 80वें स्वतंत्रता दिवस के विशेष सप्ताह की शुरुआत देशभक्ति और संगीत के अनूठे संगम के साथ हुई। एबी क्रिएशंस द्वारा बुधवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में 'आजादी की धुन–ए पेट्रोटिक कॉन्सर्ट बाय 100 पीस बैंड' का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ के 100 युवा कलाकारों ने एक मंच पर देशभक्ति गीतों और विभिन्न वाद्ययंत्रों की सामूहिक प्रस्तुति देकर दर्शकों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम के दौरान पूरा ऑडिटोरियम भारत माता की जय और वंदेमातरम् के जयघोष से गूंजता रहा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विशिष्ट अतिथियों में छत्तीसगढ़ फिल्म विकास निगम की अध्यक्ष मोना सेन, छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा, स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के उपाध्यक्ष अंजय शुक्ला तथा स्काउट-गाइड के चेयरमैन इंद्रजीत सिंह खालसा सहित जनप्रतिनिधि, कलाकार और बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि 'आजादी की धुन' देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने तथा स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान को स्मरण करने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने वीर नारायण सिंह और वीर गुण्डाधुर सहित छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों को याद किया। उन्होंने युवाओं से राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।



## हंगामे के बीच लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**नई दिल्ली,13 अगस्त।** संसद के मॉनसून सत्र का गुरुवार को आखिरी दिन सत्ता पक्ष और विपक्ष के जोरदार हंगामे के बीच खत्म हुआ। लोकसभा की कार्यवाही को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। वहीं, राज्यसभा में भी विभिन्न मुद्दों को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक और विरोध देखने को मिला। लोकसभा में सत्र के समापन से पहले वंदे मातरम् का पूरा गायन हुआ। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी समेत बड़ी संख्या में सांसद सदन में मौजूद रहे। वंदे मातरम् के बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन की कार्यवाही को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने की घोषणा की। पूरे मॉनसून सत्र के दौरान विपक्ष ने कई मुद्दों को लेकर सरकार को घेरने की कोशिश की। नीट से जुड़ी गड़बड़ियों, दिल्ली में प्रदर्शनकारियों पर पुलिस कार्रवाई और राम मंदिर से जुड़े चंदे में कथित अनियमितताओं समेत कई मुद्दों पर विपक्ष ने जोरदार विरोध किया। इसके चलते सदन की कार्यवाही कई बार बाधित हुई। संसद परिसर में भी गुरुवार को सत्ता पक्ष और विपक्ष की ओर से अलग-अलग मुद्दों को लेकर प्रदर्शन किया गया। पूरे सत्र में सरकार और विपक्ष के बीच टकराव का माहौल बना रहा। राज्यसभा में भी अंतिम दिन जोरदार हंगामे के कारण कामकाज प्रभावित हुआ। मॉनसून सत्र के दौरान लगातार विरोध और हंगामे के चलते संसद की कार्यवाही पर इसका व्यापक असर देखने को मिला। गुरुवार को लोकसभा की कार्यवाही स्थगित होने के साथ ही मॉनसून सत्र का समापन हो गया।

# बांग्लादेश को अब भारत ही बचा सकता है

**नईदिल्ली,13 अगस्त।** भारत से डीजल मांग रहे बांग्लादेश की हालत बेहद पतली नजर आ रही है। खबर है कि मुल्क में रात 8 बजे के बाद दुकानें और मॉल खोलने तक पर रोक लगा दी है। इसकी वजह बिजली और ऊर्जा संकट है। इतना ही नहीं व्यापारियों को शाम 7 बजे के बाद जगमगाते बोर्ड्स तक बंद करने को कहा गया है।



हालांकि, प्रधानमंत्री तारिक रहमान की सरकार की तरफ से आधिकारिक पत्र अभी तक सामने नहीं आया है। हाल ही में बांग्लादेश ने भारत से भी डीजल सप्लाई को लेकर मदद मांगी थी। 12 अगस्त के आधिकारिक आदेश के दावे से बताया जा रहा है कि मॉल, बाजार और दुकानों को सुबह 11 बजे से लेकर शाम 8 बजे तक चलाने की अनुमति दी गई है। इसमें कहा गया है कि तय 9 घंटों से ज्यादा प्रतिष्ठान काम नहीं कर सकते। वहीं, 7 बजे दुकानों के बाहर लगे बिजली बोर्ड्स को बंद करना होगा। रिपोर्ट के अनुसार, सरकार की तरफ से जारी आदेश में आगामी मेलों, व्यापारिक मेले और सांस्कृतिक कार्यक्रमों को भी शामिल किया गया है। इसमें कहा गया है कि सभी कार्यक्रम शाम 8 बजे तक खत्म हो जाने चाहिए। ये पत्र पूरे बांग्लादेश के निगम प्रशासकों और मेयरों के लिए जारी किए गए हैं।

एक सरकारी अधिकारी ने कहा, 'मकसद आर्टिफिशियल लाइट का इस्तेमाल कम से कम करना है, इसीलिए अब दुकानें रात 8 बजे बंद होंगी। सूरज डूबने के बाद बिलबोर्ड पर लगी लाइटें और एनर्जी संकट के समय सजावटी लाइटें ऐसी चीजें हैं, जिनका खर्च सरकार नहीं उठा सकती। जब रिहायशी इलाकों में घंटों बिजली कटौती हो रही हो, तो यह एक तुरंत किया जाने वाला उपाय और सही संदेश देने का तरीका था।'

हाल ही में भारतीय राजनयिक दिनेश त्रिवेदी ने बांग्लादेश सरकार में मंत्री इकबाल हसन महमूद से मुलाकात की थी। इस बैठक के बाद बांग्लादेश में मंत्री महमूद पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने माना है कि डीजल की कमी से गैस के जरिए बिजली बनाने पर असर पड़ा है। उन्होंने बताया कि जिसके चलते कटौती हो रही है। उन्होंने कहा, 'भारत के साथ हमारे पार एक पाइपलाइन हैं, जिसके जरिए डीजल सप्लाई होता है। हमने उन्हें और ज्यादा उपलब्ध कराने के लिए कहा है।'

### जीएसटी पदोन्नति परीक्षा में गड़बड़ी का आरोप

## ननकीराम ने पीएम को पत्र लिखकर की केंद्रीय एजेंसी से जांच की मांग

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर,13 अगस्त।** पूर्व गृह मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ आदिवासी नेता ननकीराम कंवर ने एक बार चर्चा में हैं। अबकी बार उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखकर वस्तु एवं सेवा कर विभाग (जीएसटी) में वर्ष 2021 और 2022 में हुई पदोन्नति परीक्षाएं में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए केंद्रीय एजेंसी से जांच कराने की मांग की है। ननकीराम कंवर ने पत्र में बताया कि राज्य कर निरीक्षक के 42 पदों के लिए दो सालों में परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसमें लगभग 350 कर्मचारियों ने भाग लिया। लेकिन इस परीक्षा में विभागीय अधिकारियों ने जानबूझकर व्यापमं से सहयोग न लेते हुए खुद परीक्षा आयोजित की और गड़बड़ियां कीं। कंवर ने आरोप लगाया कि जो कर्मचारी पास हुए, उनके अंक 80 से 100 प्रतिशत तक हैं. यह इशारा करते हैं कि उन्हें पहले से ही प्रश्न पत्र मिल चुके थे।



उन्होंने कहा कि परीक्षा में विभागीय आयुक्त समीर बिश्नोई के पीए और अन्य अफसरों से जुड़े लोगों को चयनित किया गया। उन्होंने बताया कि उत्तर पुस्तिकाओं पर न तो कोई मोहर लगी थी, न किसी अधिकारी के हस्ताक्षर, जिससे आसानी से उत्तर बदले जा सकते थे। कंवर ने कहा कि तत्कालीन आयुक्त समीर बिश्नोई वर्तमान में मनी लॉन्ड्रिंग और आय से अधिक संपत्ति के आरोप में जेल में हैं। इससे यह तय है कि परीक्षा भी भ्रष्ट तरीके से कराई गई थी।

### 80वीं स्वतंत्रता दिवस: भारत खेलकूद संसार में स्थापित होने प्रयासरत

# खेल गतिविधियों का चल रहा स्वर्णकाल

**जसवंत क्लॉडियस, वरिष्ठ स्वतंत्र खेल पत्रकार, टीवी कमेंटेटर, रायपुर, छ ग .**

ब्रिटेन के ईस्ट इंडिया कंपनी के द्वारा 1757 से 1858 तक फिर 1858 से 1947 तक ब्रिटिश शासकों द्वारा भारत पर शासन किए जाने के लगभग 190 वर्षों बाद भारत ने 15 अगस्त 1947 को अंग्रेजी शासन से मुक्ति पाई। भारत में इस 190 वर्षों के दौरान रेल, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य,सिंचाई,

राजस्व, उद्योग आदि क्षेत्रों में कई प्रकार की रणनीति अपनाई, निर्माण व नियम बनाए, कुप्रथाओं से समाज को मुक्ति दिलाने में भारतीयों की मदद ली गई. विभिन्न धर्म के लोगों के बीच आपसी एकता बनाए रखने में वे जैसा चाहते थे असफल रहे और धर्म व भावना के आधार पर भारत में अंग्रेजों ने फूट करो राज करो की नीति अपनाई. आखिरकार वृहत भारत का विभाजन पाकिस्तान, पाक अधिकृत कश्मीर और भारत में करने में कामयाब हुए । भारत में अंग्रेज वस्तुतः व्यापार करने आये थे और उन्होंने हमारे देश की बहुमूल्य कीमती वस्तुओं को समुद्र के जरिए ब्रिटेन ले जाने में ज्यादा दिलचस्पी दिखाई। इस दौरान हमारे देश में सबसे बड़ा नुकसान अंग्रेजों द्वारा हमारे नौजवान साथियों के भविष्य के साथ किया गया। भारतीय खेल मीडिया ने भले ही इस बात की ओर कभी ध्यान नहीं दिया ना ही किसी खेल पत्रकार, विचारक, प्रशासक, विशेषज्ञ, भूतपूर्व खिलाड़ियों ने इस बारे में कोई स्पष्ट संदेश दिया कि अंग्रेजी शासन काल में चूंकि भारतीय बच्चे, किशोर से लेकर युवा सभी भारत की स्वतंत्रता आंदोलन में व्यस्त रहे अतः हमारे देश में खेलों का विकास नहीं हो सका। अंग्रेज सैनिक अपने-अपने कैंप में फुटबाल, हाकी, क्रिकेट, बैडमिंटन, टेनिस खेलने तक सीमित रहे और यही वजह है कि हमारे देश में इन खेलों की देन सेना के अंग्रेज सिपाही, अधिकारियों को दी जाती है। बैडमिंटन की शुरूवात 1860 में पुणे में टेनिस प्रारम्भ हुआ .1880 के दशक में टेनिस उन्होंने लाया .1854 में पहला फुटबाल मैच कलकत्ता में खेला गया। 1850 के दशक में फील्ड हाकी को सैनिकों व अधिकारियों द्वारा जबकि 18 वीं सदी में सबसे पहले ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के नाविकों और व्यापारियों द्वारा भारत में लाया गया। इस प्रकार वृहत भारत बिना किसी स्पष्ट खेल नीति के हजारों साल चलता रहा। अंग्रेज शासनकाल में हमारे देश में विदेशी खेलों ने जड़ पकड़ा और भारतीय मूल के खेल कबड्डी, खो-खो शतरंज, कुश्ती,गिल्ली डंडा, चौपट, पच्चीसी, पिट्टू (सतोलिया) मलखंब, योगासन, कंचा (गोटी), चौपड़,लट्टू भौरा, जैसे खेलों को भूला दिया गया।परंतु देशवासियों ने अपने भारत देश को गुलामी की जंजीर से छुड़ाने के लिए अपना जी जान लगा दिया। 1757 से 1858 तक अंग्रेजों ने अपने जाल में भारतीय शासकों को फंसा लिया फिर 1858 से 1947 तक स्वतंत्रता संग्राम में हमारे पूर्वजों ने सब कुछ यहां तक पारंपरिक व पुराने खेलों को भूला दिया। 1947 के बाद हमारे देश की विभिन्न समस्याओं को सुलझाने में शासक लगे रहे और भारत में विदेशी खेलों ने अपना वचर्स्व स्थापित कर लिया। 1947 के बाद भारत के अब तक की अवधि को तीन भागों में बांटा जा सकता है। 1947से 1986 तक हाकी का पराभाव और क्रिकेट का उदय, 1987 से 2014 तक, टेनिस,भारोत्तोलन,क्रिकेट, बैडमिंटन,निशानेबाजी, कुश्ती, मुक्केबाज में सफलता की शुरूवात, फिर 2014 से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद की अवधि में भारत में चूंकि खेलों इंडिया के माध्यम से जमीन से जुड़े खेल प्रतिभाओं की खोज, उनका प्रशिक्षण तथा खेल अधोसंरचना का निर्माण आरंभ हुआ। जिसकी वजह से ओलंपिक खेलों के 14 खेलों में भारत के खिलाड़ी विश्वस्तरीय प्रदर्शन कर रहे हैं। अतः 2014 से अब तक के भारत के खेलकूद की अवधि को स्वर्णकाल कह सकते हैं। आगामी 2047 तक भारत के अमृतकाल में खेलकूद के विश्वमंच पर पहले पांच देशों में स्थान प्राप्त कर लेने के संकल्प के साथ निश्चित ही हमारे देश तथा उसके नागरिक अपने प्रधानमंत्री के संकल्प को पूरा करने के लिए जी जान लगा रहे हैं। 80 वीं स्वतंत्रता दिवस की समस्त खिलाड़ियों व खेल से जुड़ी हस्तियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।

# नारायणपुर से शुरू हुई बस्तर तिरंगा यात्रा,प्रथम दिन दंतेवाड़ा पहुंची

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 13 अगस्त ।** बस्तर में शांति, एकता और राष्ट्र निर्माण का संदेश लेकर बुधवार को नारायणपुर जिला मुख्यालय के हाई स्कूल ग्राउंड से बस्तर तिरंगा यात्रा 2026 का शुभारंभ हुआ। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा एवं वन मंत्री श्री केदार कश्यप बाइक पर तिरंगा लेकर यात्रा का नेतृत्व करते हुए रवाना हुए, जिसे समाज प्रमुखों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बस्तर तिरंगा यात्रा के आयोजन में शामिल बच्चों से मंत्री द्वय ने उनके बीच पहुंच कर आत्मीयता के साथ मुलाकात की और सभी का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उन्होंने विकास का बिगुल फूंकते हुए सभी को शांति और विकास का संदेश दिया।

उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि यात्रा के मार्ग पर पड़ने वाले शहीद स्थल पहुचकर उन्हें श्रद्धांजलि दिए। बस्तर से नक्सलबाद खत्म करने के उनके योगदान को समरण किया। शहीद स्थल की पवित्र मिट्टी एकत्र की व उनकी स्मृति में वृक्षारोपण कर शहीदों के परिजनों से मिलकर उनका सम्मान किया। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि आज बस्तर में शांति और विकास की जो नई कथा लिखी जा रही है इसकी स्याही शहीदों के रक्त के बलिदान से बनी है। और इसे कभी भुला नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि मैं बस्तर में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी , केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का संदेशवाहक बन कर आया हु उन्होंने संदेश दिया है कि अब बस्तर के अंदरूनी क्षेत्रों में जहां सालों नक्सलवाद के कारण विकास नहीं पहुंच पाया वहां अब मूलभूत सुविधाओं का विस्तार होगा, सुरक्षित वातावरण मिलेगा, बस्तर का विकास अब बस्तर के संसाधन उनके लघु वन उपज और बस्तर के लोगों की इच्छा के अनुसार होगा ,उन्होंने कहा सरकार क्षेत्र के विकास हेतु योजनाबद्ध तरीके से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत बस्तर तिरंगा यात्रा के माध्यम से बस्तर के कोने-कोने तक भारत का तिरंगा पूरी आन, बान और शान से लहराएगा। तिरंगा के माध्यम से बाबा साहब के द्वारा लिखा संविधान अब राज्य के कोने कोने पर लागू होगा। तिरंगा यात्रा में शामिल वन मंत्री एवं नारायणपुर विधायक श्री केदार कश्यप ने कहा कि कभी नक्सल गतिविधियों का केंद्र माने जाने वाले क्षेत्रों से आज तिरंगा यात्रा निकल रही है। यह शांति और समृद्धि की यात्रा है। उन्होंने कहा अब समय आ गया है कि दुनिया के लोग बस्तर को जानें, अब बस्तर के लोग दुनिया में छाने वाले हैं। बस्तर के लोग आगे चलकर नया इतिहास लिखने वाले हैं। मंत्री द्वय विजय शर्मा और केदार कश्यप तिरंगा यात्रा के दौरान रास्ते में ग्रामीणों से मिलकर बस्तर के विकास के लिए उनके विचार जानते रहे उन्होंने महिला स्व सहायता समूह से मिलकर स्थानीय उत्पाद की ब्रांडिंग प्रसंस्करण और मार्केटिंग के योजनाओं से अवगत कराया। उन्होंने अधिकारियों को भी स्पष्ट निर्देश दिया कि बस्तर के विकास में ग्रामीणों को संसाधनों की कमी न होने पाए। यात्रा में बड़ी संख्या में स्थानीय जन भी उल्लास के साथ सहभागिता की।

आज पहले दिन यात्रा नारायणपुर से शुरू होकर यात्रा मुंजमेटा, झारागांव, धौड़ाई, कन्हारगांव, कड़ेनार, बोदली, सातधार, बारसुर होते हुए दंतेवाड़ा पहुंची। दूसरे दिन यात्रा दंतेवाड़ा से सुकमा और बीजापुर जिले के विभिन्न नक्सल प्रभावित क्षेत्रों से होकर गुजरेगी। तीसरे दिन बीजापुर से आवापल्ली, उसूर, गलगम, नंबी, ताड़पाला होते हुए कर्रेगुट्टा पहाड़ी पर यात्रा का समापन होगा।

## एक नजर

### युवक को कार से टक्कर मारने वाला गिरफ्तार



**दुर्ग, 13 अगस्त (तछसं.)।** दुर्ग पुलगांव चौक में विवाद के बाद युवक को कार से पीछे से ठोकर मारकर काफी दूर तक घसीटने वाले आरोपी को पुलगांव थाने पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है आरोपी के खिलाफ धारा 109(1) के तहत कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार किया और न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है आरोपी ने पीड़ित को विवाद के बाद कार से पीछे से ठोकर मारी और काफी दूर तक घसीटते हुए लेकर गया था जिससे युवक के शरीर में गंभीर चोटे आई थी पुलगांव प्रभारी गुरविंदर सिंह संधु ने बताया कि प्रार्थी अपने मित्र भुवनेश्वर निषाद एवं हरि निषाद के साथ पुलगांव चौक स्थित पान ठेला के पास खड़ा हुआ था इसी दौरान राजनांदगांव की ओर से तेज गति से आ रही कार सी जी 04 एच जे 9238 के चालक द्वारा मनीष गैरेज में कार्य करने वाले विजय वैष्णव को टक्कर मार दी थी। टक्कर लगने के बाद विजय वैष्णव एवं कार चालक के मध्य विवाद हुआ कार चालक द्वारा वाहन से उतरकर विजय वैष्णव के साथ हाथ थप्पड़ से मारपीट कर धमकी दी। इसके बाद विजय वैष्णव जब पैदल ही पोटिया की ओर जाने लगा तब कार चालक उसे धमकी देते हुए कहा कि रुक जा आज तुझे बताता हूं, यह कहकर आरोपी ने कार में बैठकर उसका पीछा किया और उसे जमकर टक्कर मार दी। इसके बाद घसीटते हुए काफी दूर तक ले गया। जब पीड़ित के मित्रों द्वारा वाहन रोकने का प्रयास किया तब कार चालक वाहन रोकने के बजाय तेजी से फरार हो गया। लोगों ने घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया था पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी वाहन स्वामी अजय कुमार गारुडीक निवासी बमलेश्वरी कॉलोनी नर नारायण मंदिर के पास बोरसी थाना पद्मनाभपुर को वाहन सहित पकड़ा है। आरोपी का जिला अस्पताल दुर्ग में चिकित्सकीय प्रशिक्षण कराया गया जिसमें चिकित्सक द्वारा शराब सेवन किए जाने का उल्लेख किया गया है।

### लोगों को हथियार से डराने वाला गिरफ्तार

**भिलाई, 13 अगस्त (तछसं.)।** भिलाई सुपेला थाना क्षेत्र के हथियार लेकर राहगीरों को धमकाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है सुपेला टीआई एस एन सिंह ने बताया कि मुखबिर बिर की सूचना पर राधिका नगर, सुपेला के पास स्थित रैश्ने आवास, नेहरू नगर क्षेत्र में आने जाने वालों को हथियार लेकर धमकाने की जानकारी हुई सुपेला थाने पुलिस मौके पर पहुंची और क्वार्टर नंबर 7ए, सड़क नंबर 16, सेक्टर-04 निवासी रितिक उर्फ लक्ष्मण यादव को पकड़ा गया आरोपी के पास से धारदार लोहे का हथियार बरामद कर जब्त किया गया ।



### मोबाइल लूटने वाले गिरफ्तार

**भिलाई, 13 अगस्त (तछसं.)।** इंदौर के क्षिप्रा थाना क्षेत्र में रात के समय सेल्फी ले रहे 5 दोस्तों को घेरकर मारपीट और लूटपाट करने वाले आरोपियों का कनेक्शन भिलाई से सामने आया है। आरोपी महाकाल दर्शन के लिए उज्जैन गए थे। लौटते समय इंदौर-देवास बायपास पर उन्होंने कार रोककर सेल्फी ले रहे दोस्तों को निशाना बनाया विरोध करने पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया था इस के बाद आरोपियों ने दो मोबाइल लूटे और कार से फरार हो गए रात हुई वारदात के बाद क्षिप्रा पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल कार की जानकारी जुटाई और लूटे गए मोबाइल की लोकेशन ट्रेस की दोनों सुरागों के आधार पर पुलिस मंगलवार को भिलाई पहुंची जांच में कार शास्त्री नगर निवासी बिट्टू साहू के नाम पर रजिस्टर्ड मिली।

## विधायक देवेंद्र यादव ने पारंपरिक रीति-रिवाजों से मनाया हरेली तिहार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 13 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के प्रमुख लोकपर्व हरेली तिहार के अवसर पर भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार हरेली पर्व मनाया। उन्होंने अपने निवास के मुख्य द्वार पर नीम की पत्तियों वाली डालियां लगाईं तथा खेती-किसानी में उपयोग होने वाले औजारों एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। विधायक देवेंद्र यादव ने प्रदेशवासियों को हरेली तिहार की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हरेली केवल एक पर्व नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोकसंस्कृति, कृषि परंपरा और प्रकृति के प्रति सम्मान का प्रतीक है।

यह पर्व हमें अपनी मिट्टी, खेती-किसानी और पारंपरिक जीवन शैली से जोड़ता है। उन्होंने अपने परिवार के सदस्यों के साथ कृषि कार्य में उपयोग होने वाले औजारों एवं अन्य सामग्रियों की पूरे विधि-विधान से पूजा की। इसके बाद छत्तीसगढ़ी परंपरा के अनुसार चिला का भोग लगाया गया और परिवार के साथ प्रसाद ग्रहण किया गया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की पहचान उसकी समृद्ध संस्कृति और लोक परंपरा से है। हरेली जैसे पर्व हमारी सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करने के साथ ही समाज में आपसी प्रेम, भाईचारे और खुशहाली का संदेश देते हैं।

## चावल के छोटे से दाने पर अंकुश ने उकेरा भारत का नक्शा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 13 अगस्त। स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर सुप्रसिद्ध मूर्तिकार डॉ. अंकुश देवांगन ने अपनी अनूठी कला का प्रदर्शन करते हुए चावल के एक छोटे से दाने पर भारत के नक्शे की आकर्षक पेंटिंग बनाई है। इस सूक्ष्म कलाकृति में शान से लहराते तिरंगे के साथ नीचे इंडिया भी अंकित किया गया है। डॉ. देवांगन ने अपनी कला के माध्यम से देशप्रेम और मातृभूमि के प्रति सम्मान का संदेश दिया है।

उन्होंने 'जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी' के भाव को अपनी कलाकृति में साकार करने का प्रयास किया है। इसका अर्थ है कि जिस धरती पर हमारा जन्म हुआ है, वह हमारे लिए स्वर्ग से भी बढ़कर है।



## पुणे के साहित्यिक आयोजन में गोविन्द पाल हुए सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 13 अगस्त।** शिवाजी नगर, पुणे में आयोजित साहित्यिक आयोजन में छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ कवि एवं साहित्यकार गोविन्द पाल को सम्मानित किया गया। यह आयोजन देश की जानी-मानी कवयित्री, लगभग चालीस पुस्तकों की रचयिता तथा साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित इन्द्रा पूनावाला के निवास पर आयोजित हुआ। कार्यक्रम में दिल्ली के प्रतिष्ठित ग़ज़लकार दीक्षित दौनिकर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित साहित्यकारों ने गोविन्द पाल की साहित्यिक सेवाओं की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

## जामुल की समृद्धि के लिए तीर्थ यात्रा पर निकले रेखराम बंछोर



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जामुल,13 अगस्त।** जामुल नगर की समृद्धि एवं अन्नदाता किसान साथियों की बेहतर फसल की कामना को लेकर पूर्व पालिका अध्यक्ष रेखराम बंछोर अपनी टीम के साथ दक्षिण भारत की तीर्थ यात्रा पर रवाना हुए हैं। यह यात्रा लगभग 12 से 15 दिनों तक चलने की संभावना है। रवाना होने से पूर्व श्रद्धालुओं का स्वागत कर उनकी मंगलमय यात्रा की कामना की गई।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष प्रशांत बंटी गुप्ता, महामंत्री ओमप्रकाश साहू, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष रामकृष्ण साहू, पूर्व पार्षद मेघनाथ साहू, एनजीओ जिला सहसंयोजक ऋषभ बंछोर, पंडित कमल पांडे, ओबीसी मोर्चा महामंत्री नटवरलाल वर्मा, मनीष साहू, महिपाल ठाकुर, पांचूराम सेन एवं जगदीश देवांगन सहित अन्य लोगों ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया और सुखद व मंगलमय यात्रा के लिए प्रार्थना की। रेखराम बंछोर ने बताया कि यह तीर्थ यात्रा जामुल नगर की खुशहाली और किसान भाइयों की समृद्धि एवं बेहतर फसल की कामना के उद्देश्य से की जा रही है। यात्रा के दौरान श्रद्धालु दक्षिण भारत के प्रमुख धार्मिक स्थलों महाप्रभु बालाजी, श्रीशैलम, मल्लिकार्जुन, मदुरै, रामेश्वरम और कन्याकुमारी के दर्शन करेंगे। इस साधना एवं भक्ति यात्रा में रेखराम बंछोर के साथ शिव वर्मा, बालू साहू, श्रीलाल चक्रधारी, राम विश्वास प्रजापति, जनक साहू, रामकिशुन पटेल एवं प्रहलाद जंघेल सहित अन्य श्रद्धालु रवाना हुए।

## बाबा धाम के श्रद्धालुओं के लिए श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन के अतिरिक्त फेरे

**भिलाई, 13 अगस्त।** सावन माह में बाबा धाम देवघर के दर्शन के लिए जाने वाले शिव भक्तों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा गाड़ी संख्या 08895/08896 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-मधुपुर-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी श्रावणी मेला साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। यह विशेष ट्रेन 30 अगस्त तक संचालित की जा रही है। ट्रेन संख्या 08895 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-मधुपुर स्पेशल पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रत्येक शनिवार 1 अगस्त से 29 अगस्त 2026 तक कुल पांच ट्रिप संचालित हो रही है। श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए इस ट्रेन का संचालन अतिरिक्त रूप से 18 अगस्त एवं 25 अगस्त 2026, मंगलवार को भी किया जाएगा। इस प्रकार ट्रेन संख्या 08895 कुल 7 ट्रिप संचालित होगी। इसी तरह ट्रेन संख्या 08896 मधुपुर-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी स्पेशल पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रत्येक रविवार 2 अगस्त से 30 अगस्त 2026 तक कुल पांच ट्रिप संचालित होगी। इसके अतिरिक्त यह ट्रेन 19 अगस्त एवं 26 अगस्त 2026, बुधवार को भी चलेगी। वर्तमान में इस ट्रेन में बड़ी संख्या में कंफर्म बर्थ उपलब्ध हैं। श्रद्धालुओं से समय रहते अग्रिम आरक्षण कराकर अपनी सीट सुनिश्चित करने और सुखद एवं सुरक्षित यात्रा का लाभ उठाने की अपील की गई है। इस स्पेशल ट्रेन का ठहराव दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी, गोंदिया, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर, भाटापारा, बिलासपुर, चांपा, रायगढ़, बेलपहाड़ एवं ब्रजराजनगर स्टेशनों पर है।



## वरिष्ठ नागरिकों का जत्था रामलला दर्शन के लिए अयोध्या रवाना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 13 अगस्त।** हरेली त्यौहार के पावन अवसर पर निगम क्षेत्र में निवासरत 50 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को श्री रामलला दर्शन के लिए अयोध्या धाम रवाना किया गया। निगम मुख्य कार्यालय परिसर में तीर्थयात्रियों को तिलक लगाकर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई तथा उनकी सुखद एवं मंगलमय यात्रा की कामना की गई। श्री रामलला दर्शन के लिए अयोध्या धाम रवाना होने वाले सात तीर्थयात्रियों में अलका ताम्रकार, बेन कुमार, मंतराम यादव, थनेन्द्र कुमार साहू, लक्ष्मी साहू, गणेश सोनी एवं प्रीति लता सोनी शामिल हैं। विदाई समारोह के दौरान वरिष्ठ नागरिकों के माथे पर तिलक लगाया गया और आरती कर उनकी यात्रा के लिए मंगल कामना की गई। इस अवसर पर तीर्थयात्रियों में अयोध्या धाम पहुंचकर भगवान श्री रामलला के दर्शन को लेकर उत्साह और खुशी का माहौल दिखाई दिया।

## जल रक्षा के लिए निगम, आईआईटी और सीजीडब्ल्यूबी की समन्वय बैठक

**भिलाई, 13 अगस्त।** नगर निगम, आईआईटी एवं केंद्रीय भूजल बोर्ड के संयुक्त सहयोग से जल रक्षा भिलाई एकीकृत जल संरक्षण एवं प्रबंधन पहल को प्रभावी रूप से लागू करने की दिशा में प्रथम समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में भिलाई की जल संबंधी चुनौतियों के वैज्ञानिक एवं तकनीकी समाधान तथा ठोस कार्ययोजना तैयार करने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में निगम क्षेत्र में ग्रीष्म ऋतु के दौरान जल की कम उपलब्धता, वर्षा ऋतु में जलभराव, पेयजल में सीवेज के पानी के मिश्रण जैसी गंभीर समस्याओं और जल के पुनः उपयोग की कम दर पर विशेष रूप से चर्चा की गई। बैठक में बोरवेल रिचार्ज शाफ्ट के तत्काल निर्माण पर जोर दिया गया। संबंधित प्राक्कलनों के आदान-प्रदान के बाद आवश्यक स्वीकृति की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ करने पर सहमति बनी। जल रक्षा भिलाई के अंतर्गत जीआईएस आधारित भूजल मानचित्रण भी किया जाएगा। इसके माध्यम से अधिकतम भूजल पुनर्भरण क्षमता वाले क्षेत्रों की पहचान कर वहां कम लागत वाली पुनर्भरण संरचनाओं के निर्माण के उपाय सुझाए जाएंगे। बैठक में सतही जल पर निर्भरता बढ़ाने, रासायनिक प्रदूषण से प्रभावित क्षेत्रों की पहचान एवं उनके वैज्ञानिक उपचार, मौजूदा रूफटॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग संरचनाओं में आवश्यक सुधार, प्रशिक्षण एवं हैंड-होल्डिंग सहायता तथा परियोजना से संबंधित आवश्यक दस्तावेजीकरण पर भी चर्चा की गई। लक्ष्य रखा गया है कि आवश्यक जल संरक्षण एवं भूजल पुनर्भरण संरचनाओं का निर्माण वर्ष 2027-28 के मानसून से पूर्व पूरा कर लिया जाए।

## नकली सिगरेट बेचने के मामले में 2 गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 13 अगस्त।** छत्तीसगढ़ में पहली बार नकली सिगरेट बनाने और बेचने का बड़ा कारोबार उजागर हुआ है दुर्ग शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट में नकली सिगरेट की पैकिंग और बिक्री हो रही थी दिल्ली से आई आईटीसी कंपनी की टीम ने इसकी पड़ताल कर कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद कोतवाली पुलिस ने छापेमारी कर 18 हजार नकली सिगरेट जब्त कीं मामले में एसएसडी ट्रेडर्स के संचालक समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है जब्त सिगरेट की कीमत करीब 2 लाख 7 हजार रुपए आंकी गई है दुर्ग सिटी कोतवाली टीआई नवीन राजपूत ने बताया कि आईटीसी लिमिटेड की टीम दिल्ली से दुर्ग पहुंची थी। टीम ने इंदिरा मार्केट में नकली उत्पाद बनाने वालों की तहकीकात की इस दौरान गुरुनानक नगर निवासी एसएसडी ट्रेडर्स के संचालक विशाल जसवानी 36 वर्ष के ठिकाने में आईटीसी लिमिटेड के गोल्ड फ्लेक प्रीमियम ब्रांड के नाम से पैकेजिंग मिली टीम की शिकायत पर कोतवाली टीआई नवीन सिंह राजपूत के साथ पुलिस टीम ने दबिश दी मौके से विशाल जसवानी और निखिल सिहानी 29 वर्ष को गिरफ्तार कर पैकेट असली जैसा, अंदर निकला नकली माल दुर्ग सिटी कोतवाली थाने पुलिस की जांच में गोल्ड फ्लेक प्रीमियम नाम से अंकित 24 बंडलों में 12 हजार सिगरेट और 12 बंडलों में 6 हजार सिगरेट बरामद हुई। दोनों प्रकार की पैकिंग पर 115 रुपए एमआरपी और क्यूआर कोड भी अंकित था पैकेजिंग ऐसी थी कि असली-नकली में फर्क करना मुश्किल था।



## सेल के प्रबंध प्रशिक्षु के सेंट्रल इंडक्शन कार्यक्रम का शुभारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 13 अगस्त।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के प्रबंध प्रशिक्षु-2026 के सेंट्रल इंडक्शन कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. अशोक कुमार पंडा ने 12 अगस्त को भिलाई निवास में किया। इस अवसर पर निदेशक (कार्मिक), सेल के.के. सिंह तथा निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र सहित सेल एवं भिलाई इस्पात संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारी और गणमान्यजन उपस्थित थे। कार्यक्रम में निदेशक मनीष राज गुप्ता, निदेशक प्रभारी आलोक वर्मा, निदेशक प्रभारी सुरजीत मिश्रा, निदेशक प्रभारी प्रिय रंजन, निदेशक टी.एन. नटराजन तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी दिलीप कुमार वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए। समारोह में कार्यपालक निदेशक ए.के. चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेशक प्रवीण निगम, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक पी.के. सरकार, कार्यपालक निदेशक कमल भास्कर, कार्यपालक निदेशक अरुण कुमार, कार्यकारी कार्यपालक निदेशक बी.के. बेहेरा सहित विभिन्न विभागों के प्रमुख, मुख्य महाप्रबंधक एवं ऑफिसर्स एसोसिएशन के सदस्य उपस्थित रहे। नए प्रबंध प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए सीएमडी डॉ. अशोक कुमार पंडा ने सेल की सात दशकों से अधिक की गौरवशाली विरासत का उल्लेख किया। उन्होंने इस्पात उद्योग में आए व्यापक बदलावों और उस यात्रा पर प्रकाश डाला, जिसमें सेल ने एक समय के एकाधिकार वाले बाजार से निकलकर आज के अत्यंत प्रतिस्पर्धी खुले बाजार में अपनी मजबूत पहचान कायम की है। नए प्रबंध प्रशिक्षुओं का स्वागत करते हुए निदेशक (कार्मिक) के.के. सिंह ने कहा कि प्रशिक्षुओं ने ऐसे महत्वपूर्ण समय में संगठन में प्रवेश किया है, जब विश्व के भविष्य के इस्पात उत्पादन का एक बड़ा हिस्सा इसी क्षेत्र से आने की उम्मीद है और एक अग्रणी संगठन के रूप में सेल की इसमें महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने देश में औद्योगिक स्तर पर इस्पात उत्पादन के शुरुआती दौर को याद करते हुए कहा कि जब देश में इस्पात संयंत्र स्थापित किए जा रहे थे, तब अनेक प्रतिभाशाली लोग उन स्थानों पर राष्ट्र निर्माण के लिए पहुंचे, जहां आसपास बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं थीं। उनके समर्पण और अथक परिश्रम से इस्पात संयंत्रों का निर्माण संभव हुआ। पहली बार धमन-भट्टियों से हॉट मेटल निकलने का क्षण इस ऐतिहासिक उपलब्धि से जुड़े लोगों के लिए अत्यंत भावुक अवसर था। सिंह ने कहा कि वर्तमान समय भविष्य के नेतृत्वकर्ताओं के रूप में स्वयं को तैयार करने का महत्वपूर्ण अवसर है। निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र ने इस अवसर को सेल के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि नए प्रशिक्षु देशभर से आए सर्वश्रेष्ठ तकनीकी प्रतिभाओं में शामिल हैं। उन्होंने प्रशिक्षुओं को सीखने के हर अवसर का पूरा लाभ उठाने, विभिन्न कार्य क्षेत्रों के लोगों के साथ संवाद करने तथा अपने आसपास के प्रत्येक व्यक्ति से सीखने की सलाह दी।



### युवती से मोबाइल लूट के मामले में 3 युवक गिरफ्तार

**भिलाई, 13 अगस्त।** भिलाई भट्ठी थाना क्षेत्र के सेक्टर-1 स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क के पास मोबाइल लूट की वारदात को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपियों के कब्जे से लूटे गए मोबाइल के साथ वारदात में इस्तेमाल स्टील का धारदार हथियार भी बरामद किया गया है। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया भट्ठी टीआई दिलेश्वर चंद्रवंशी ने बताया कि 29 जुलाई को अयान अली अपनी गर्लफ्रेंड के साथ सेक्टर-1 डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क में बैठा था। तीन युवक पहुंचे और दोनों के मोबाइल लूट लिए। अयान अली ने लूट का विरोध किया तो आरोपियों ने चाकू से हमला कर दिया उसकी कमर और पीठ के पास चोट पहुंचाई। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए तीनों आरोपी पकड़ाए भट्ठी थाने पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर आरोपियों की खोजबीन शुरू की जांच के दौरान मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तीनों आरोपियों के संभावित ठिकानों पर दबिश दी आरोपी सुपेला निवासी आर्यन राय (19 साल), कैंप-1 निवासी पीयूष कुमार शाह (20 साल) और स्टील नगर, कैंप-1 निवासी मोहम्मद आरिफ शाह (19 साल) को गिरफ्तार कर लिया।

# हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजेगी साल्हेवारा की धर्मधरा

- 16 से 24 अगस्त तक नौ दिवसीय महारुद्राभिषेक, शिव महापुराण एवं श्रीरामकथा महोत्सव
- महारुद्राभिषेक में बहेगी आस्था की अविरल धारा, शिव महापुराण और श्रीरामकथा से होगा धर्म-अध्यात्म का दिव्य संगम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**साल्हेवारा, 13 अगस्त।** पवित्र श्रावण मास के पुण्य अवसर पर साल्हेवारा की धर्मधरा आगामी 16 अगस्त से 24 अगस्त तक भगवान शिव की भक्ति, रुद्र मंत्रों के गगनभेदी उच्चारण और श्रीराम के आदर्शों से गुंजायमान होने जा रही है। मंगल भवन, साल्हेवारा में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से नौ दिवसीय शिव महापुराण कथा, श्रीरामकथा एवं महारुद्राभिषेक महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

श्रावण मास में भगवान शिव की आराधना का विशेष महत्व माना गया है। ऐसे पावन अवसर पर आयोजित होने वाला महारुद्राभिषेक श्रद्धा, समर्पण और शिवभक्ति का विराट अनुष्ठान होगा। वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य भगवान शिव के रुद्र स्वरूप का अभिषेक किया जाएगा। जल, दुग्ध एवं विविध पूजन सामग्रियों से होने वाले अभिषेक के बीच जब वैदिक ऋचाओं और रुद्र मंत्रों की गूंज मंगल भवन में उठेगी, तो पूरा वातावरण शिवमय होने की अनुभूति कराएगा।

**रुद्राभिषेक—शिव**



**आराधना का दिव्य स्वरूप :** महारुद्राभिषेक को भगवान शिव के प्रति आस्था, कृतज्ञता और आत्मसमर्पण की अभिव्यक्ति माना जाता है। शिव के रुद्र स्वरूप का विधिवत अभिषेक करते हुए श्रद्धालु सुख-शांति, सद्बुद्धि, सकारात्मकता और आध्यात्मिक उन्नति की कामना करेंगे। श्रावण की पावन बेला में जब एक साथ अनेक श्रद्धालुओं के कंठ से हर-हर महादेव और नमः शिवाय का जयघोष गूंजेगा, तब साल्हेवारा की फिज़ाओं में भक्ति की अद्भुत ऊर्जा का संचार होगा।

**नौ दिनों तक धर्म और अध्यात्म की त्रिवेणी:** आयोजन के अंतर्गत प्रतिदिन प्रातः 7 बजे से 11 बजे तक महारुद्राभिषेक, दोपहर 12 बजे से 2:30 बजे तक शिव महापुराण कथा तथा दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक श्रीरामकथा का आयोजन होगा। अर्थात नौ दिनों तक साल्हेवारा में सुबह से शाम तक शिवभक्ति, कथा, वैदिक मंत्रोच्चार और आध्यात्मिक चिंतन की त्रिवेणी प्रवाहित होगी। श्री शिव महापुराण कथा का वाचन पं. दुर्गा प्रसाद तिवारी द्वारा किया जाएगा, जबकि श्रीरामकथा का रसपान पं. सूरज उपाध्याय कराएंगे। धार्मिक अनुष्ठानों को वैदिक विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराने के लिए पं. रविंद्र तिवारी, पं. मनहरण प्रसाद तिवारी एवं पं. भुनेश्वर प्रसाद तिवारी वैदिक आचार्य के रूप में उपस्थित रहेंगे। शिव महापुराण जहां भगवान शिव के स्वरूप, महिमा, भक्ति और धर्म के गूढ़ संदेशों से श्रद्धालुओं को जोड़ता है, वहीं श्रीरामकथा मर्यादा, सत्य, त्याग, कर्तव्य और आदर्श जीवन का मार्ग दिखाती है। भगवान शिव की आराधना और प्रभु श्रीराम के चरित्र का यह अद्भुत संगम धार्मिक आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान करेगा।

### श्रद्धालुओं से भव्य सहभागिता की अपील

समस्त ग्रामवासी, साल्हेवारा ने क्षेत्र के धर्मप्रेमी नागरिकों, श्रद्धालुओं एवं आसपास के ग्रामों के लोगों से आग्रह किया है कि इस पावन आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर महारुद्राभिषेक में सहभागी बनें, शिव महापुराण एवं श्रीरामकथा का श्रवण करें और इस नौ दिवसीय आध्यात्मिक महोत्सव को भक्ति एवं श्रद्धा से सफल बनाएं।

**स्थान:** मंगल भवन, साल्हेवारा (छत्तीसगढ़)
**दिनांक:** 16 अगस्त से 24 अगस्त 2026
**महारुद्राभिषेक:** प्रातः 7 से 11 बजे
**श्री शिव महापुराण कथा:** दोपहर 12 से 2:30 बजे
**श्रीरामकथा:** दोपहर 3 से 5 बजे
**आयोजक:** समस्त ग्रामवासी, साल्हेवारा।

## समाचार संक्षेप

### सुधा पवार बनीं चेंबर महिला विंग की अध्यक्ष



- हैरी जोसेफ के नेतृत्व में हुआ स्वागत-सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 13 अगस्त।** लेबर कॉलोनी वार्ड क्रमांक 17 स्थित आंगनवाड़ी परिसर में छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफकॉमर्स महिला विंग राजनांदगांव की अध्यक्ष पद पर सुधा पवार की नियुक्ति पर स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा राजनांदगांव के जिलाध्यक्ष हैरी जोसेफ रहे। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सुधा पवार का पुष्पगुच्छ भेंटकर अभिनंदन किया और उनके नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं।।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हैरी जोसेफ ने सुधा पवार को छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स महिला विंग राजनांदगांव की अध्यक्ष बनाए जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। पवार के नेतृत्व में महिला विंग नई ऊंचाइयों को छुए और व्यापार एवं सामाजिक क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में प्रभावी कार्य करे, ऐसी अपेक्षा है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और नेतृत्व क्षमता का परिचय दे रही हैं। व्यापारिक क्षेत्र में भी महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। ऐसे में महिला विंग का मजबूत और सक्रिय नेतृत्व महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए बेहतर मंच उपलब्ध करा सकता है। इस अवसर पर सुधा पवार ने सम्मान के लिए सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका वे पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करेंगी। महिला व्यापारियों और उद्यमियों को साथ लेकर महिला विंग को मजबूत बनाने तथा महिलाओं की समस्याओं एवं उनके हितों से जुड़े विषयों को प्रमुखता से उठाने का प्रयास किया जाएगा। समारोह में उपस्थित सभी लोगों ने पवार के उज्ज्वल कार्यकाल की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

## एक नजर

### मैकडॉनल्ड्स ने रायपुर में किया विस्तार

**रायपुर, 13 अगस्त।** लजीज जायके के शौकिनों के लिए शहर के हृदयस्थल शंकरनगर में छत्तीसगढ़ के पहले हाई-स्ट्रीट मैकडॉनल्ड्स रेस्टोरेंट खुल चुका है। विदित हो कि वेस्टलाइफ़ फूडवर्ल्ड लिमिटेड का हिस्सा है, जो दक्षिण और पश्चिम भारत में मैकडॉनल्ड्स रेस्टोरेंट का मालिकाना हक रखती है और उन्हें चलाती है। वेस्टलाइफ़ फूडवर्ल्ड का रायपुर शंकरनगर में विस्तार एक अहम् पड़ाव है और राज्य में अपनी दमदार और वैश्विव मौजूदगी को और सुदृढ़ करता है। शंकर नगर मेन रोड, वीसीएम टॉवर के ग्राउंड फ़्लोर पर स्थित यह नया 3,150 स्क्वेयर फ़ीट प्लस का डाइन-इन रेस्टोरेंट रायपुर और आसपास के फूड प्रेमियों के लिए बेस्ट डेस्टिनेशन साबित होगा। शहर के मध्य स्थित होने के कारण मैकडॉनल्ड्स रेस्टोरेंट ग्राहकों के लिए आसानी से पहुँचने लायक है एवं ब्रॉड सड़कें कार के सफर को आसान बनाती है। जिससे पूरी फैमिली के साथ यहां क्वालिटी टाईम वेज एवं नॉनवेज फूड के साथ एंजॉय किया जा सकता है। छत्तीसगढ़ का यह 5वां मैकडॉनल्ड्स रेस्टोरेंट जल्दी टेकअवे और बेहतर डिलीवरी सर्विस की सुविधा भी देता है। यह ग्राहकों को रोज़ाना खाने, सेलिब्रेशन और अनौपचारिक मुलाकातों के लिए एक सुखद जगह देता है। ग्राहक बर्गरऔर हाथ से बने मैककैफ़े ड्रिंक्स सहित कई तरह के शाकाहारी और मांसाहारी व्यंजनों का आनंद ले सकते हैं। वैश्विक मानकों पर खरा यह रेस्टोरेंट को मैकडॉनल्ड्स अपनी क्वालिटी, सर्विस, सफ़ाई और वैल्यू के स्टैंडर्ड्स को ध्यान में रखकर डिज़ाइन किया गया है।

### निधन

#### संजय गुप्ता



**राजनांदगांव, 13 अगस्त।** नगर की प्राचीन एवं प्रतिष्ठित फर्म बलिराम रामचरन गुप्ता, गंज लाइन के व्यापारी संजय गुप्ता पिता स्व. मन्नूलाल गुप्ता (57) का आज आकस्मिक निधन हो गया। दिवंगत संजय गुप्ता, अजय गुप्ता एवं विजय गुप्ता (बंटी) तथा बहन आशा के मंझले भाई थे। दिवंगत गुप्ता ने अपने पीछे धर्मपत्नी एक पुत्र रचित एवं दो पुत्रियों महक तथा आन्या का भरा पुरा परिवार छोड़ा है। गुप्ता की अंतिम यात्रा कल 13 अगस्त को प्रिंसेस क्राउन, हरिओम नगर से मठ पारा लखोली के लिए निकाली जाएगी।

#### विजय लाल सोनी



**रायपुर, 13 अगस्त।** खरियार रोड नगर के सुश्रावक विजय लाल सोनी का बुधवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 12 अगस्त को स्थानीय शान्तिधाम में किया गया। आप सुनील, संजय कुमार उमेश के पिता एवं शंकरलाल, पारसमल, बंशीलाल त्रिलोकचंद, रविन्द्र सोनी के भाई थे.

### कृषि विभाग ने 25 कृषि केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण

# 20 को कारण बताओ नोटिस एवं 5 में जब्ती-सुपुर्दगी की कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव, 13 अगस्त।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार कृषि विभाग द्वारा खरीफ सीजन में किसानों को गुणवत्तायुक्त कृषि आदान उपलब्ध कराने एवं कीटनाशकों की अवैध एवं नियम विरूद्ध बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने के लिए जिले में लगातार कार्रवाई की जा रही है। उप संचालक कृषि टीकम सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में कृषि विभाग की टीम द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अनुज्ञप्तिधारी कीटनाशक विक्रेताओं के विक्रय परिसरों का औचक निरीक्षण किया गया।

कृषि विभाग की टीमों ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में एक साथ कार्रवाई करते हुए कुल 25 कीटनाशक विक्रय प्रतिष्ठानों में दबिश दी। निरीक्षण के दौरान अनुज्ञप्ति, स्टॉक रजिस्टर, उपलब्ध कीटनाशकों, विक्रय अभिलेखों एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच की गई। कीटनाशी अधिनियम 1968 एवं कीटनाशी नियम 1971 के प्रावधानों के तहत अनियमितता पाए जाने पर 20 विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए तथा 5 विक्रय परिसरों में जप्ती एवं सुपुर्दगी की कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि बिना निर्धारित प्रक्रिया के कीटनाशकों का विक्रय, स्टॉक का उचित संधारण नहीं करना, अनुज्ञप्ति में निर्धारित शर्तों का उल्लंघन अथवा निर्धारित मानकों के विपरीत कीटनाशकों का व्यापार किए जाने पर संबंधित विक्रेताओं के विरूद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

उप संचालक कृषि टीकम सिंह ठाकुर ने बताया कि जांच के दौरान दुर्गा कृषि केन्द्र डुमरडीह, सिन्हा कृषि केन्द्र तिलई, छत्तीसगढ़ कृषि केन्द्र लखोली नाका राजनांदगांव, महावीर ट्रेडर्स बसंतपुर, सोनकर कृषि केन्द्र पुराना गंज चौक, भारत कृषि केन्द्र पुराना गंज चौक राजनांदगांव, प्रजापति कृषि सेवा केन्द्र कोकपुर, शिवम कृषि केन्द्र मोहड़, हरिओम कृषि केन्द्र अरसीटोला, साहू कृषि केन्द्र छुरिया, आरू कृषि केन्द्र छुरिया, लक्ष्मी कृषि केन्द्र छुरिया, सिन्हा कृषि केन्द्र धुसेरा, हरिओम कृषि केन्द्र मुसराकला एवं पूरन एग्रोटेक ढारा सहित कुल 20 विक्रय प्रतिष्ठानों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए। इसी तरह कृषि केन्द्र कुम्हालोरी, शिवशक्ति कृषि केन्द्र सुरगी, साहू कृषि केन्द्र उपरवाह, छत्तीसगढ़ कृषि केन्द्र सिंगारपुर एवं साहू कृषि केन्द्र कोकपुर में नियमानुसार जप्ती एवं सुपुर्दगी की कार्रवाई की गई। उन्होंने जिले के सभी लाइसेंसधारी कीटनाशक विक्रेताओं से किसानों को निर्धारित दर पर गुणवत्तापूर्ण कीटनाशकों का ही विक्रय करने तथा शासन द्वारा निर्धारित सभी नियमों एवं गाइडलाइन का पालन सुनिश्चित करने कहा गया है। किसानों को गुणवत्तापूर्ण कृषि आदान उपलब्ध कराना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कीटनाशकों की गुणवत्ता, स्टॉक एवं विक्रय व्यवस्था में किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित विकेताओं के विरूद्ध कीटनाशी अधिनियम के प्रावधानों के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिले में कृषि आदानों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षण एवं जांच की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

## विचार अच्छे हो तो जीवन का रंग बदल जाता है : श्रेयांशप्रभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**शब्दों मैं शक्ति होती है इसलिए इसका चयन सोच समझकर करो**

**राजनांदगांव 13 अगस्त।** परम पूज्य खरतरगच्छाधिपति आचार्य जिनमणिप्रभसूरीश्वरजी म.सा.खरतर गच्छाधिपति मणिप्रभ सागर के सुशिष्य श्रेयांशप्रभ सागर ने आज यहां कहा कि विचार तो चलते रहते हैं किंतु विचार अच्छे हो तो जीवन का रंग बदल जाता है। उन्होंने कहा कि हम दिन भर में 100 से ज्यादा शब्दों का उपयोग कर लेते हैं लेकिन हमारे शब्द चयनित और अच्छे होने चाहिए। शब्दों में शक्ति होती है, इसलिए इसका सोच समझकर चयन करना चाहिए।,

मुनि श्रेयांशप्रभ सागर आज जैन बगीचे के ज्ञानवल्लभ उपाश्रय भवन में धर्म सभा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जो आप बोल रहे हैं, वह आपको रिटर्न भी मिलता है, इसलिए आप अच्छा बोले। हमारी भाषा गलत नहीं होती बल्कि बोलने का तरीका गलत होता है। ज्ञान सबको है किंतु हमारे विचार बदलते हैं तो हमारे शब्द भी बदल जाते हैं। हमारे पास ज्ञान है तो फिर हम शब्दों का चयन क्यों गलत करते हैं अगर कोई व्यक्ति गुस्सा करता है तो हम कहते हैं कि जब देखो तब गुस्सा करते रहता है, यदि इसकी जगह हम यह कहे हैं कि गुस्सा जल्दी शांत हो जाए तो शांत शब्द का प्रभाव सामने वाले पर पड़ेगा और साथ ही हम पर भी पड़ेगा तथा हमारा मन शांत हो जाएगा।

## हर घर तिरंगा कार्यक्रम : टाउन हॉल में देशभक्ति गीतों का आयोजन

### अपने घरों में तिरंगा लगाने तथा 14 अगस्त को सुबह तिरंगा यात्रा में सहभागिता निभाने महापौर ने की अपील

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव, 13 अगस्त।** राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर आमजनों में देश भक्ति की भावना विकसित करने तथा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान में वृद्धि करने हर घर तिरंगा कार्यक्रम 9 अगस्त से 17 अगस्त तक देश भर में आयोजित किया जा रहा है। आयोजन के तहत शहर में भी हर घर तिरंगा अभियान चलाने तिरंगा यात्रा एवं तिरंगा रैली का आयोजन करने के साथ साथ देश प्रेम की भावना अभिव्यक्त करने कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। इसी कडी में आज महापौर मधुसूदन यादव की अध्यक्षता में टाउन हॉल में निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा तथा आयुक्त जी.आर.मरकाम सहित निगम पदाधिकारियो की उपस्थिति में देश भक्ति से परिपूर्ण संगीतमय कार्यक्रम आयोजित किया गया।

हर घर तिरंगा कार्यक्रम अंतर्गत देश भक्ति संगीतमय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि हमारे देश के यशस्वी माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश पर राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर राष्ट्रीय गीत के प्रति सम्मान एवं जन सहभागिता सुनिश्चित करने हर घर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस परिप्रेक्ष्य में आज नगर निगम में देश भक्तिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने छत्तीसगढ़ के पहली तिहार हरेली की बधाई देते हुए कहा कि आज इस पावन अवसर पर यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि 1857 से लेकर 1947 तक आजादी की लड़ाई चली और 1947 में हमे आजादी मिली, तब से हम स्वतंत्र भारत में निवास कर रहे है। उन्होंने कहा कि 14 अगस्त 1947 के भारत विभाजन के दौरान लगभग 20 लाख से अधिक प्रभावित लोगो के संघर्ष एंव बलिदान से हमे अलग स्वतंत्र भारत देश मिला, इसी की स्मृति में 14 अगस्त को विभाजन विभिषिका दिवस मनाया जाता है। उन्होंने विभाजन के सभी पहलुओ पर विस्तर से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान का मुख्य उद्देश्य देश की आजादी में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले शहीदों की स्मृति में अपने घर, कार्यालय व प्रतिष्ठान में तिरंगा फहराकर राष्ट्र भक्ति से जुडना है। महापौर ने कहा कि इसी कडी में तिरंगा यात्रा भी निकाला जाना है, उक्त यात्रा 14 अगस्त को सुबह अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में आयोजित स्वतंत्रता दौड के रूप में होगी। उन्होंने पार्षदो सहित नागरिको से तिरंगा यात्रा में उपस्थिति की अपील की।

आयुक्त मरकाम ने अपने संबोधन में कहा कि हमारा देश संघर्ष और बलिदान के बाद आजाद हुआ और आज हम स्वतंत्र भारत में सास ले रहे है। उन्होंने कहा कि शासन निर्देशानुसार 9 अगस्त से 17 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। इसी के तहत निगम द्वारा भी देश भक्ति के संगीतमय कार्यक्रम के साथ साथ तिरंगा यात्रा भी निकाली जायेगी। उन्होंने तिरंगे झंडे के संबंध में कहा कि हमारा राष्ट्रीय ध्वज तीन रंगो का ही प्रतीक नही है, बल्कि त्याग, बलिदान, शांति, प्रगति और समृद्धि तथा हरियाली का प्रतीक है। एकता अखण्डता बनाए रखने में तिरंगा का बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि संयोग से आज हरेली त्योहार है, अच्छी हरी भरी फसल की मंगल कामना के साथ यह त्योहार मनाते है।

कार्यक्रम के प्रारंभ में महापौर एवं निगम पदाधिकारियो ने छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा में माल्यार्पण कर पूजा अर्चना किए। साथ ही झनकार संगीत समिति के कलाकार मनोहर यादव एंव साथियो ने ए मेरे वतन के लोगो, दिल दिया है जान भी देगे, ये देश है वीर जवानो का जैसे देश भक्ति गीत के साथ छत्तीसगढ ला कईथे धान के कटोरा व मोर संग चालो जैसे सुमधुर गीतो की प्रस्तुति दिए। कार्यक्रम का संचालन लोक निर्माण विभाग के प्रभारी सदस्य सावन वर्मा ने किया। देश भक्ति गीत कार्यक्रम में महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यगण, पार्षदगण, नामांकित पार्षदगण सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## अछोली में तिरंगा रैली का आयोजन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 13 अगस्त।** डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम अछोली में वंदे मातरम की 150 वी वर्षगांठ के अवसर पर शासन द्वारा चलाए जा रहे तृतीया चरण 7 अगस्त से 15 अगस्त तक आयोजित कार्यक्रम की कड़ी में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत डोंगरगढ़ के विकासखंड अछोली में प्राथमिक शाला,पूर्व माध्यमिक शाला के प्रचार्य मोहन लाल साहू, शिक्षक मिताली सिंह, रेणुका बेयौरा, भारती देवांगन, अर्चना टंडन, ललित कुमार साहू, एवं पंचायत प्रतिनिधियों मे ग्राम सरपंच नंदकुमार साहू, उप सरपंच पुखराज साहू, सचिन पूर्णिमा मंडावी, रोजगार सचिव पूनम और पूर्राम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओ, स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति की मिसाल पेश की हैं, घर घर तिरंगा यात्रा की शुरुआत विद्यालय परिसर से विद्यार्थियों द्वारा कतारबद्ध हाथ में झंडा से आरंभ होकर गांव के विभिन्न चौक चौराहा से गुजरते हुए ग्राम पंचायत अछोली पहुंचा जहां देशभक्ति के जयकारों से जय घोष किए गए तिरंगा यात्रा का उद्देश्य ग्रामीण जनों को तिरंगा यात्रा से जोड़ना एवं वंदे मातरम की 150 वी गौरवशाली इतिहास के बारे में जागरूक करना है,

### बाबा मरस पोटा धाम में धूमधाम से मनाया जा रहा श्रावण मास

# रोज रुद्र महाभिषेक, यज्ञ व भंडारा प्रसादी का लाभ उठा रहे श्रद्धालु

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव, 13 अगस्त।** वनचेतना मनगटा मार्ग स्थित ग्राम बघेरा के बाबा मरस पोटा धाम में श्रावण मास श्रद्धा और भक्ति के साथ धूमधाम से मनाया जा रहा है। सावन माह में प्रतिदिन शिवलिंग का रुद्र महाभिषेक, यज्ञ एवं भंडारा प्रसादी का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु परिवार सहित शामिल हो रहे हैं।

बाबा मरस पोटा धाम के संरक्षक राकेश श्रीवास्तव ने बताया कि राजनांदगांव शहर से लगभग 16 किलोमीटर दूर स्थित धाम में महापुराण कथा व्यास भागवताचार्य पंडित खिलेश कृष्ण दुबे द्वारा 12 ज्योतिर्लिंग के दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं से प्रतिदिन रुद्र महाभिषेक कराया जा रहा है। सावन मास के यज्ञ में भी भक्त परिवार सहित भाग ले रहे हैं।

बाबा मरस पोटा धाम आर्थिक रूप कमजोर परिवार जो अपनी लाडली बेटी की शादी नहीं कर सकते उनके लिए हमारी कन्या विवाह समिति बनाई गई है शादी का सम्पूर्ण खर्च समिति से जुड़े भक्त उठाते जिनकी बेटी नहीं है और जो कन्या दान करने की इच्छा जाहिर करते उनको मौका दिया जाता कन्या दान करने वाले से किसी भी प्रकार की समिति मदद नहीं लेती नहीं यह स्पष्ट कर दिया जाता है कि आप कन्या को जो उपहार देना चाहते हैं वे कन्या को दें।

पिछले दिनों में मरस पोटा धाम में नवरात्रि नवदिन भंडारा शिव महापुराण हनुमान जन्मोत्सव भंडारा और 40 कन्याओं की शादी आयोजन की जा चुकी है बाबा मरस पोटा धाम में 21 फीट ऊंची हनुमान की प्रतिमा, 17 फीट जय मां महाकाली, 18 फीट नंदी महाराज, 12 ज्योतिर्लिंग, शनिदेव, विशाल कछुआ एवं गणपति की प्रतिमाएं श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं।

**हर वर्ष करीब 100 दिन भंडारा :** धाम में क्वांर एवं चैत्र नवरात्रि, 11 दिवसीय गणेश उत्सव, सावन मास, हनुमान जन्मोत्सव, महाशिवरात्रि, तीज-त्योहार एवं कन्या विवाह सहित विभिन्न पर्वों पर भंडारा प्रसादी का आयोजन किया जाता है।

### 41 फीट के विशाल त्रिशूल का निर्माण जारी

बाबा मरस पोटा धाम में 41 फीट ऊंचे भव्य त्रिशूल का निर्माण कार्य जारी है। इसके लिए करीब 3500 वर्गफीट क्षेत्र में गोलाकार परिक्रमा चबूतरे का निर्माण किया गया है तथा 30 फीट कॉलम की ढलाई का कार्य पूर्ण हो चुका है। समिति के कमल सोनी, दिलीप साहू, नीलकंठ यादव, रवि साहू, राजकुमार देवांगन, संजय यादव, पुरुषोत्तम साहू, मुकेश निषाद, अर्जुन चंदा, गांधी साहू, रोहित साहू, गोविंद साहू सहित सभी सदस्यों ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे श्रावण मास में बाबा मरस पोटा धाम पहुंचकर रुद्र महाभिषेक एवं यज्ञ में परिवार सहित भाग लेकर पुण्य लाभ प्राप्त करें।

## समाज सुधारिका देवी अहिल्या बाई होल्कर की पुण्यतिथि पर किया नमन



**रायपुर, 13 अगस्त।** महान शिव भक्तिनी, कुशल प्रशासिका, लोकप्रिय समाज सुधारक देवी अहिल्या बाई होल्कर का उनकी 231 वीं पुण्यतिथि पर सादर नमन करने राजधानी शहर रायपुर के राजातालाब में कैनाल लींकिंग रोड के किनारे लोटस अस्पताल के सामने न्यू बस स्टैण्ड स्थित उनके मूर्ति स्थल के समक्ष रायपुर नगर पालिक निगम संस्कृति विभाग के तत्त्वावधान में नगर निगम जोन क्रमांक 4 के सहयोग से पुष्पांजलि आयोजन रखा गया। प्रमुख रूप से पुष्पांजलि आयोजन में मूर्ति स्थल पर पहुंचकर महान शिव भक्तिनी, कुशल प्रशासिका, लोकप्रिय समाज सुधारिका देवी अहिल्या बाई होल्कर का उनकी 231वीं पुण्यतिथि पर रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौड, छग राज्य श्रम कल्याण मण्डल उपाध्यक्ष किशोर महानन्द, एल्डरमैन राजू राघवानी सहित स्थानीय वराड़े धनगर समाज के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# कर्मों का फल तो सबको यही पर भुगतना पड़ता है

आदमी किसी भी क्षेत्र में काम करता हो,उसे अपने कर्मों का फल तो देरसबेर भुगतना पड़ता है। माना जाता है कि मनुष्य योनि कर्मयोनि है,यानी कर्म करने की योनि है,कर्म तो करना पड़ेगा और आदमी जैसा कर्म करेगा,कर्म के अनुसार उसको वैसा फल भी भोगना पड़ेगा,कर्म करके मनुष्य कर्म फल भोगने से बच नहीं सकता, अच्छा कर्म किया है तो उसका अच्छा फल भोगना पड़ता है, बुरा कर्म किया है तो उसका बुरा फल भोगना पड़ता है।आदमी व्यक्तिगत तौर पर कर्म करता है तो उसे उसका अच्छा बुरा फल व्यक्तिगत तौर पर भुगतना पड़ता है परिवार के तौर पर जब कर्म किया जाता है तो उसका फल पूरे परिवार को भोगना पड़ता है और समाज के तौर पर कोई कर्म किया जाता है तो समाज के तौर पर फल भोगना पड़ता है।राजनीतिक व गैरराजनीतिक तौर पर जब कोई कर्म किया जाता है तो उसका फल उसके नेता सहित उसके तमाम कार्यकर्ताओं को भोगना पड़ता है।

हमारे देश में मान्यता है कि कर्मफल अटल है, वह टल नहीं सकता वह मिलेगा ही। किसी कर्म का फल तुरंत मिल जाता है जैसे कोई किसी को गाली देता है तो उसका फल उसे पिटाई या गाली के रूप में तुरंत मिल जाता है।कुछ कर्मफल इसी जन्म में मिलते हैं कुछ कर्मफल ऐसे होते है जिनको दूसरे जन्म में भोगना पड़ता है। किसी राजनीतिक दल ने सत्ता में पंद्रह साल रहते हुए जो बुरे कर्म किए उसका फल उसको सत्ता में रहते हुए तो नहीं मिलता है लेकिन जब भी वह सत्ता से बाहर होता है तो उसका फल उसको मिलना शुरू हो जाता है।कांग्रेस कई दशक तक सत्ता मे रही और कई दशकों में उसने जो कर्म किए थे अब जब वह सत्ता में नहीं है तो उसे अपने दशकों के कर्म का फल अब भुगतना पड़ रहा है।ममता बैनर्जी १५ साल सत्ता में रही और जितने बुरे से बुरे कर्म पार्टी के लोगों ने किए और ममता उनको करने से नहीं रोकी तो उसका फल आज टीएमसी के नेताओं व ममता को भुगतना पड़ रहा है। ममता बैनर्जी उसके भतीजे ने अपने विरोधी दलों के नेताओं के साथ बहुत बुरा व्यवहार किया, विरोधियों के साथ पंद्रह सालो में मारपीट की गई,हत्या की गई,घर जला दिए गए।लोगों को वोट डालने नहीं दिया,पंद्रह साल ममता की पार्टी ने विरोधियों के साथ, जनता के साथ बहुत व्यवहार किया और आज जब वह सत्ता में नही है तो कभी ममता के भांजे के साथ भीड़ मारपीट कर रही,उन पर अंडे फेंक रही है,कभी टीएमसी के सांसदों पर नाराज लोग अंडे फेंक रहे हैं।पं.बंगाल के उत्तर २४ परगना जिले के हली शहर में पूर्व सीएम ममता बैनर्जी के काफिले पर नाराज लोगों की भीड़ ने कीचड़,ईंट पत्थर,जूते,चप्पल से हमला कर दिया। ममता का आरोप है कि मेरी काफिले पर पुलिस के सामने हमला हुआ और पुलिस ने कुछ नहीं किया। हम सब मारे जा सकते थे, हम लोगों के सिर फूट सकते थे। मैंने ऐसा होते कभी नहीं देखा था। ममता और उनकी पार्टी के नेताओं के साथ कुछ भी ऐसा नहीं हो जो उनके शासन में विरोधी लोगों के साथ नहीं हुआ है, उनके साथ वही हो रहा है,उनके शासन में उनकी पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के इशारे पर विरोधियों के साथ होता था.तब भी पुलिस किसी को नहीं बचाती थी,आज ममता को पुलिस से शिकायत है, पुलिस को ऐसा उन्होंने ही बनाया है, किसी को बचाना नहीं है। पुलिस वही कर रही है जो उनके समय होता था। ममता को पं.बंगाल की जनता एहसास करा रही है कि उसके पंद्रह साल में उनके साथ जो बुरा किया गया,वह सब जनता ममता व उनके नेताओं को लौटा रही है।यह ममता व उनके नेताओं का कर्मफल है कि भीड़ उनके समय विरोधियों का साथ जो करती और वही भीड़ उनके साथ वही कर रही है तो बुरा लग रहा है, मरने से डर लग रहा है।यह सबके होता है जो आपने लोगों को दिया होता है,वही लोग आपको लौटाते हैं, जब देते वक्त बुरा नहीं लगता है तो लेते वक्त भी बुरा नहीं लगना चाहिए क्योंकि जो लोगों को आपने दिया था, वही लोग आपको लौटा रहे हैं। ममता ही उनके नेताओं ने जनता के साथ बुरा किया है,अब जनता उनके साथ बुरा कर रही है तो उनको जनता के बीच जाने से डर लग रहा है। महुआ मोइत्रा को पूछताछ के लिए थाने बुलाया गया तो वह थाने जाने से डर रही है कि इस दौरान लोग उनको अंडे मारेंगे।वह सुप्रीम कोर्ट गई थी कि उनका बयाने आनलाइन देने की सुविधा दी जाए।सुप्रीम कोर्ट ने ऐसा करने से मना कर दिया और कहा कि आप कैसी नेता है, अंडे से डर रही हैं।इससे साफ हो जाता है कि टीएमसी के जो नेता सत्ता में शेर बने रहते हैं और लोगों के साथ बुरे से बुरा व्यवहार करते थे और उनके साथ भीड़ बुरा व्यवहार कर रही है तो उनको अच्छी व्यवस्था चाहिए, सुरक्षा चाहिए ताकि उनके साथ कोई बुरा व्यवहार न कर सके।सत्ता मे रहने वाले अन्याय करते हैं तो जनता उनके साथ न्याय करती है और अन्याय करने वालों को न चाहकर भी जनता के न्याय को मानना पड़ता है।बंगाल की जनता के साथ ममता ने न्याय नहीं किया था, जनता ममता को एहसास करा रही है तुम्हारे साथ वही हो रहा है जो तुमने दूसरो के साथ किया, और बरसों किया।

राजनीति

# संसद में हंगामा ही सिर्फ मकसद नहीं होना चाहिए

**संजय सक्सेना,लखनऊ,**

लोकसभा और राज्यसभा का मानसून सत्र लगभग हंगामे की भेंट चढ़ गया है। जहां देश को आगे बढ़ाने के लिये चर्चा होना चाहिए, वहां दो सियासी घरानों के पुत्रों का अहंकार उसे ले डूबा, जबकि लोकतंत्र की बुनियाद इस बात पर टिकी है कि सदन में चर्चा, बहस और असहमति के माध्यम से देश के कानून और नीतियां तय की जाएं। हाल के वर्षों में लोकसभा, राज्यसभा, राज्यों की विधानसभाओं और विधान परिषदों में कामकाज के तरीकों को लेकर एक बड़ा विमर्श खड़ा हुआ है। एक आम धारणा यह बन गई है कि सदन को सुचारू रूप से चलाने की पूरी जिम्मेदारी केवल सत्ता पक्ष (सरकार) की है, जबकि विपक्ष का काम केवल विरोध करना है। यह विषय भारतीय राजनीति में एक गंभीर चर्चा का केंद्र है। एक तरफ जहां आलोचकों का मानना है कि विपक्ष रचनात्मक बहस से पीछे हटकर केवल हंगामे की राजनीति कर रहा है, वहीं दूसरी तरफ विपक्ष का तर्क है कि सरकार उन्हें अपनी बात रखने का पर्याप्त समय और मंच नहीं देती है।गौरतलब हो, सत्ता पक्ष बनाम विपक्ष में संसदीय नियमों और परंपराओं के अनुसार, सदन चलाना दोनों की एक साझा जिम्मेदारी है, जब दोनों पक्षों में से कोई भी इस जिम्मेदारी से पीछे हटता है, तो सदन की कार्यवाही बाधित होती है। आलोचकों का कहना है कि विपक्ष कई बार चर्चा के बजाय वॉक आउट (सदन से बाहर चले जाना) या वेल (आसन के सामने का स्थान) में आकर नारेबाजी करने का रास्ता चुनता है, जिससे महत्वपूर्ण समय और जनता का पैसा बर्बाद होता है।

बहरहाल, अतीत से वर्तमान तक सदन में हंगामा और गतिरोध कोई नई बात नहीं है। भारतीय संसद और विधानसभाओं का इतिहास ऐसे उदाहरणों से भरा पड़ा है जब तीखी बहस और व्यवधान हुए हैं। अतीत में भी बोफोर्स घोटाला (1980 के दशक के उत्तरार्ध) और 2 जी स्पेक्ट्रम आवंटन (2010) जैसे बड़े मुद्दों पर विपक्ष ने हफ्तों तक संसद नहीं चलने दी थी। इन घटनाओं के दौरान पूरा-पूरा सत्र बिना किसी विधायी कार्य के धुल गया था। इसी तरह से उत्तर प्रदेश, बिहार और तमिलनाडु जैसी राज्य विधानसभाओं में अतीत में ऐसे दृश्य देखे गए हैं जहां माइक तोड़े गए, कागज फेंके गए और मार्शलों को विधायकों को बाहर निकालना पड़ा। जानकारों का मानना है कि पहले के समय में हंगामे के बीच भी बड़े नेता अपनी बात तर्कों के साथ रखते थे और सरकारें उनकी बात सुनती थीं। वर्तमान में सोशल मीडिया और लाइव टेलीकास्ट के दौर में, कई बार नेता सदन के भीतर ठोस बहस करने के बजाय राजनीतिक बयानबाजी और त्वरित सुर्खियां बटोरने पर ज्यादा ध्यान देते हैं।आलोचकों का आरोप है कि विपक्ष किसी एक नीति या कानून पर टिककर बहस करने के बजाय



लगातार अपने राजनीतिक दांव-पेंच बदलता रहता है। उदाहरण के लिए, चुनाव के समय उठाए गए मुद्दे, संसद सत्र शुरू होने पर बदल जाते हैं और सत्र के दौरान कानून व्यवस्था, बेरोजगारी या किसी घोटाले के आरोप पर ध्यान केंद्रित हो जाता है। सत्ता पक्ष का कहना है कि विपक्ष चर्चा से भागने के लिए ऐसा करता है। उधर, राजनीतिक विश्लेषकों का एक वर्ग मानता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विरोध में विपक्ष कई बार बेहद आक्रामक रुख अपनाता है। सदन में गंभीर आरोप लगाने के बाद जब सरकार की तरफ से जवाब देने की बारी आती है, तो विपक्ष वॉकआउट कर जाता है। इसे सत्ता पक्ष द्वारा आरोप लगाकर भागने की राजनीति कहा जाता है। लोकतंत्र में चर्चा का महत्व सदन का मुख्य उद्देश्य कानून बनाना और सरकार को जवाबदेह बनाना है। जब सदन में चर्चा होती है, तो जटिल से जटिल मुद्दों का समाधान निकलता है। जीएसटी कानून या अतीत में हुए परमाणु समझौते जैसे बड़े मामलों पर लंबी बहसों के बाद ही आम सहमति बन पाई थी। सदन में लगातार होने वाले हंगामे और काम न होने से जनता में यह संदेश जाता है कि उनके प्रतिनिधियों द्वारा उनके टैक्स के पैसे का सही उपयोग नहीं हो रहा है।

हंगामे के कारण बार-बार सदन को स्थगित करना पड़ता है। इससे देश के जरूरी कानूनों पर बहस नहीं हो पाती और जनता के पैसे की बर्बादी होती है। किसकी गलती ज्यादा है, एक बेहद संवेदनशील और जटिल विषय है। राजनीतिक विश्लेषकों और जनता के नजरिए से देखें तो इस सिक्के के दो पहलू हैं। दोनों पक्षों की अपनी-अपनी कमियां और तर्क नजर आते हैं। विपक्ष अक्सर किसी मुद्दे पर सरकार को घेरने के लिए हंगामा तो करता है, लेकिन जब सरकार उस पर नियम के तहत चर्चा कराने को तैयार होती है, तो विपक्ष अपनी शर्तों पर अड़ जाता है। तब ऐसा प्रतीत होता है कि विपक्ष सरकार की हर अच्छी-बुरी नीति का केवल विरोध करने की नीति पर चल रहा है। सदन रचनात्मक सुझाव देने के बजाय सोशल मीडिया और मीडिया की सुर्खियां बटोरने के लिए सदन के भीतर आक्रामक रुख अपनाया जाता है।गंभीर आरोप लगाकर जवाब सुने बिना वॉकआउट कर जाना संसदीय मर्यादा के खिलाफ माना जाता है। दूसरी तरफ, एक बड़ा वर्ग यह भी मानता है कि सदन को सुचारू रूप से चलाने की प्राथमिक जिम्मेदारी सरकार की होती है, और उसकी रणनीतियों में भी कमियां हैं। विपक्ष का आरोप है कि सरकार संख्या बल के दम पर बिना लंबी बहस या विपक्ष को विश्वास में लिए बिना महत्वपूर्ण बिल पास करा लेती है। जब विपक्ष किसी गंभीर या संवेदनशील मुद्दे पर तुरंत चर्चा की मांग करता है, तो सरकार कई बार तकनीकी नियमों का हवाला देकर उसे टालने की कोशिश करती है, जिससे गतिरोध और बढ़ जाता है। विपक्ष का तर्क है कि उनके प्रमुख नेताओं के माइक बंद कर दिए जाते हैं या उनके भाषणों के हिस्सों को रिकॉर्ड से हटा दिया जाता है, जिससे उनके पास हंगामे के अलावा कोई रास्ता नहीं बचता।खैर, आम जनता इस पूरे माहौल को बेहद बारीकी से देख रही है और उसके दृष्टिकोण से जनता इस बात से नाराज है कि उनके द्वारा चुने गए प्रतिनिधि देश की समस्याओं को सुलझाने के बजाय आपस में लड़ रहे हैं। संसद या विधानसभा चलाने में हर मिनट लाखों रुपये का सार्वजनिक पैसा खर्च होता है, जो हंगामे की भेंट चढ़ जाता है।

जनता किसी एक को पूरी तरह दोषी नहीं मानती। लोग चाहते हैं कि विपक्ष जिम्मेदारी से अपनी बात रखे और सरकार बड़े दिल से विपक्ष की चिंताओं को सुने।लब्बोलुआब यह है कि सदन में बने इस तनावपूर्ण माहौल के लिए दोनों ही पक्ष कहीं न कहीं जिम्मेदार हैं। लोकतंत्र तभी मजबूत होता है जब सत्ता पक्ष में सुनने का धैर्य हो और विपक्ष में तर्कों के साथ बात रखने का अनुशासन हो। जब तक दोनों पक्ष अपने राजनीतिक हितों से ऊपर उठकर देशहित को आगे नहीं रखेंगे, तब तक सदनों का माहौल ऐसा ही बना रहेगा।

मेष मेष राशि वालों को धन लाभ हो सकता है। आप किसी बड़ी यात्रा के लिए आज प्लानिंग करेंगे। हालांकि, बाहर किसी से छोटी-मोटी कहासुनी होने की संभावना है। आज खासतौर पर अपनी वाणी पर नियंत्रण रखें। रिश्तों में मधुरता बनाए रखें।

वृषभ आज का दिन उपलब्धियों भरा रहेगा, क्योंकि कार्यक्षेत्र में आपको सम्मान से नवाजा जा सकता है। माता-पिता का आशीर्वाद आपके रुके हुए कार्यों को गति देगा। इसके अलावा कोर्ट के मामलों से भी राहत मिलेगी और लंबे समय से चली आ रही कोई इच्छा पूरी हो सकती है।

मिथुन मिथुन राशि वालों को सावधान रहना होगा, क्योंकि प्रॉपर्टी से जुड़े मामलों में हल्की कहासुनी संभव है। धैर्य से काम लेंगे, तो स्थिति आपके पक्ष में आ सकती है। वहीं, नए लोगों से मिलने के लिए भी किसी स्थान पर जा सकते हैं।

कर्क कर्क राशि वालों के लिए दिन खास रहेगा, क्योंकि कोई बड़ी सफलता आज हाथ लग सकती है। हालांकि, पड़ोस या आसपास के लोगों के साथ अनावश्यक विवाद से बचें। वहीं, सरकारी कार्यों में कोई बड़ा अपडेट मिलेगा। सेहत को लेकर लापरवाही करने की बजाय हर समस्या का हल करें।

सिंह दिन आपके लिए सामान्य रहेगा। घर में कोई अपना दस्तक देगा और लोन या वित्तीय व्यवस्था पर चर्चा आगे बढ़ सकती है। इसके अलावा आज समाज और कार्यक्षेत्र में आपका सम्मान बढ़ेगा।

कन्या कन्या राशि वालों के विवाह योग बनेंगे। आज समाज और कार्यक्षेत्र में आपका सम्मान तो बढ़ेगा ही, साथ ही नए लोगों से जुड़ाव महसूस करेंगे। आप जिम्मेदारियों को पूरी ईमानदारी से निभाएंगे।

तुला आज का दिन बदलावों से भरा रहेगा और जीवन में नई शुरुआत का संकेत दिन दे रहा है। नौकरी बदलने की कामना पूरी होगी। इस समय सोच-समझकर लिए गए फैसले भविष्य में लाभदायक साबित हो सकते हैं। घर का माहौल फिर से खुशहाल और सकारात्मक बनेगा।

वृश्चिक आज खुशियों की कई वजहें आपको मिलने वाली हैं। परिवार के साथ अच्छा समय बिताने का अवसर मिलेगा। परीक्षाओं से जुड़े प्रयासों में सफलता मिल सकती है। भौतिक सुख बढ़ सकता है।

धनु संतान की सफलता से पूरे परिवार के चेहरे पर मुस्कान आएगी। परिवार में खुशी और उत्साह का माहौल बना रहेगा। वहीं, धनु राशि के लोग आसपास के लोगों पर जरूरत से ज्यादा भरोसा करने से बचें।

मकर मकर राशि के लोग स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें। वैवाहिक जीवन में छोटी-छोटी बातों को नजरअंदाज करके आप रिश्तों में मधुरता बनाए रखेंगे। इस दौरान लंबे समय से रुके हुए काम फिर से आरंभ हो सकते हैं।

कुंभ कुंभ राशि के लिए दिन खास रहेगा और परिवार में खुशियां बनी रहेंगी। लंबे समय से अटका हुआ कोई काम पूरा होने से मन को राहत मिलेगी। इसके अलावा दांपत्य जीवन और साझेदारी के संबंधों में मधुरता आएगी।

मीन आज व्यापार और करियर में सफलता के अच्छे संकेत मिल रहे हैं। आज आपके परिवार में सुख-समृद्धि का माहौल रहेगा। हालांकि, आज परिवार के सामने कोई पुरानी बात भी उजागर हो सकती है, इसलिए धैर्यवान रहें।

विश्लेषण

# प्रगति की दौड़-दिशा कहाँ?

**हृदय मोहन**

मनुष्य सभ्यता के आरंभ से ही आगे बढ़ने की कोशिश करता आया है। गुफाओं से आधुनिक नगरों तक, बैलगाड़ी से अंतरिक्ष यान तक और भोजपत्र से कृत्रिम बुद्धिमत्ता तक—मानव यात्रा निरंतर आगे बढ़ी है। आज हम इक्कीसवीं सदी के तीसरे दशक में खड़े



हैं और बदलाव की रफ्तार पहले से कहीं अधिक तेज है। भारत भी इसी परिवर्तन के महत्वपूर्ण दौर से गुजर रहा है। सड़कें और एक्सप्रेसवे बन रहे हैं, डिजिटल अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है, विनिर्माण को नई गति मिल रही है और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसी तकनीकें हमारी कार्यप्रणाली को बदलने की तैयारी में हैं।

यह सब देखकर गर्व होना स्वाभाविक है। लेकिन इस तेज रफ्तार के बीच ठहरकर एक सवाल पूछना आवश्यक है—हम कितनी तेजी से आगे बढ़ रहे हैं, यह महत्वपूर्ण है; लेकिन उससे कहीं अधिक महत्वपूर्ण है कि हम किस दिशा में बढ़ रहे हैं। किसी भी यात्रा में गति तभी सार्थक होती है, जब मंजिल स्पष्ट हो।

प्रगति का अर्थ केवल अधिक होना नहीं, बेहतर होना भी है। आर्थिक विकास आवश्यक है, लेकिन उसका अंतिम उद्देश्य केवल उत्पादन और उपभोग बढ़ाना नहीं हो सकता। रोजगार के साथ उसकी गुणवत्ता, कौशल और सामाजिक सुरक्षा भी उतनी ही महत्वपूर्ण हैं। विकास की असली परीक्षा जमीन पर होती है। जब आधुनिक शहर विश्वस्तरीय सुविधाओं से चमकते हों और अनेक गांवों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं की कमी बनी रहे, तो विकास की व्यापकता पर विचार जरूरी हो जाता है। जब तक विकास की रोशनी समाज के अंतिम व्यक्ति तक नहीं पहुँचती, तब तक उसे संपूर्ण विकास नहीं कहा जा सकता।

छत्तीसगढ़ जैसे राज्य में यह प्रश्न और भी प्रासंगिक हो जाता है। यहाँ की धरती उपजाऊ है, जंगल घने हैं और संस्कृति समृद्ध है। खनिज संपदा और औद्योगिक क्षमता के साथ राज्य ने विकास की लंबी यात्रा तय की है। रायपुर, भिलाई और बिलासपुर जैसे शहरों में बदलती अर्थव्यवस्था की तस्वीर दिखाई देती है। लेकिन यह देखना भी जरूरी है कि क्या विकास स्थानीय लोगों की भागीदारी से हो रहा है और क्या गांवों तथा आदिवासी अंचलों की आवाज सुनी जा रही है। विकास स्थानीय आवश्यकताओं को साथ लेकर चले, तभी वह टिकाऊ और स्वीकार्य बनेगा।

शहरीकरण आधुनिक अर्थव्यवस्था की आवश्यकता है। नए शहर, ऊंची इमारतें और आधुनिक परिवहन व्यवस्था विकास के प्रतीक हैं। लेकिन यदि शहरों का विस्तार हवा, पानी, हरित क्षेत्र और जीवन की गुणवत्ता की कीमत पर हो, तो विकास की प्राथमिकताओं पर पुनर्विचार करना होगा। प्रकृति विकास की विरोधी नहीं है; वह विकास की आधारशिला है। जलवायु परिवर्तन, जल संकट, प्रदूषण और प्राकृतिक संसाधनों पर बढ़ता दबाव स्पष्ट संकेत दे रहे हैं कि विकास का कोई भी मॉडल अनंत समय तक संसाधनों का दोहन नहीं कर सकता। आर्थिक विकास और पर्यावरणीय स्थिरता के बीच संतुलन कोई विलासिता नहीं, बल्कि आवश्यकता है।

तकनीक भी इसी कसौटी पर परखी जानी चाहिए। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, स्वचालन और डिजिटल तकनीक उत्पादकता बढ़ा सकते हैं तथा स्वास्थ्य और शिक्षा को बेहतर बना सकते हैं। लेकिन तकनीक का मूल्य उसकी नवीनता या शक्ति से नहीं, बल्कि इससे तय होना चाहिए कि वह मनुष्य के जीवन को कितना बेहतर बनाती है। एक मशीन किसी काम को तेज कर दे, तो यह तकनीकी प्रगति है। लेकिन यदि उसी तकनीक से ऊर्जा की बचत हो, प्रदूषण घटे और दूर-दराज तक शिक्षा तथा स्वास्थ्य पहुँचें, तभी वह व्यापक अर्थ में सामाजिक प्रगति बनती है।

शिक्षा इस यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। आज ज्ञान तक पहुँच के साधन पहले से कहीं अधिक हैं। लेकिन विकसित राष्ट्र को केवल कुशल इंजीनियर और वैज्ञानिक ही नहीं चाहिए; उसे ऐसे नागरिक भी चाहिए जो अधिकारों के साथ दायित्वों को समझें। ज्ञान हमें सक्षम बनाता है, विवेक उस क्षमता के उपयोग का मार्ग तय करता है। प्रगति का एक पैमाना हमारे व्यवहार में भी दिखाई देना चाहिए। आर्थिक समृद्धि और तकनीकी क्षमता के साथ यदि धैर्य, सहिष्णुता और परस्पर सम्मान कम होते जाएं, तो यह सोचना जरूरी है कि हमारी बाहरी प्रगति के साथ आंतरिक विकास भी हो रहा है या नहीं। समाज की गुणवत्ता केवल इमारतों और सड़कों से नहीं, नागरिकों के व्यवहार से भी दिखाई देती है।

दौड़ की सबसे बड़ी खामी यह है कि वह हमें रुककर सोचने का मौका नहीं देती। हम आगे बढ़ते जाते हैं, लेकिन यह नहीं देखते कि पीछे क्या छूट रहा है—सामुदायिक भावना, पर्यावरण का संतुलन और मानवीय संवेदनाएं। जब प्रगति केवल प्रतिस्पर्धा बन जाए, तो सहयोग कमजोर पड़ने लगता है और समाज में असमानता के साथ निराशा भी बढ़ सकती है। इसलिए विकास के पैमाने पर केवल सकल घरेलू उत्पाद, उत्पादन क्षमता या डिजिटल लेन-देन की संख्या देखना पर्याप्त नहीं होगा। हमें यह भी देखना होगा—क्या लोगों का जीवन अधिक सुरक्षित और स्वस्थ हुआ? क्या आने वाली पीढ़ियों के लिए प्राकृतिक संसाधन बच रहे हैं? क्या आर्थिक सफलता जीवन की समग्र गुणवत्ता में भी दिखाई दे रही है? दिशा तय करने का काम केवल सरकारों और योजनाकारों का नहीं, हर नागरिक का भी दायित्व है।

भारत के सामने आज एक ऐतिहासिक अवसर है। दुनिया बदल रही है और भारत अपनी आर्थिक शक्ति तथा तकनीकी क्षमता को नई ऊंचाई देने की स्थिति में है। हमें विकास की गति कम करने की आवश्यकता नहीं है। आवश्यकता केवल यह सुनिश्चित करने की है कि रफ्तार हमारे लक्ष्यों पर हावी न हो जाए और इस यात्रा में पर्यावरणीय जिम्मेदारी, सामाजिक समावेशन तथा मानवीय कल्याण पीछे न छूटें। दौड़ जरूरी है, लेकिन बिना दिशा के दौड़ना भटकना कहलाता है। आखिरकार, प्रगति का प्रश्न केवल यह नहीं कि हमने कितना बनाया या कमाया, बल्कि यह है कि इन उपलब्धियों ने हमारे जीवन को कितना बेहतर बनाया और हम स्वयं क्या बने।

क्योंकि सच्ची प्रगति वह नहीं, जो हमें केवल आगे ले जाए; सच्ची प्रगति वह है, जो हमें बेहतर भविष्य की ओर ले जाए।

# जंतर मंतर-रांची:छात्र आंदोलन एक रूप अनेक

**निर्मल रानी**

देश इन दिनों लगभग राष्ट्रव्यापी छात्र आक्रोश व आंदोलन से रूबरू है। अभी कुछ दिन पहले ही NEET पेपर लीक और राष्ट्रीय परीक्षाओं में हुई धांधली के ख़िलाफ़ 6 जून से शुरू होकर 25 जुलाई 2026 तक चला आंदोलन केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफ़े के बाद ख़त्म हुआ था। इसके बाद ही झारखंड में भी जेपीएससी (JPSC) और जेएसएससी (JSSC) परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं और पेपर लीक के विरुद्ध 29 जुलाई से रांची के जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में छात्र आंदोलन की शुरुआत हुई। यहाँ भी छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता, धांधली और अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच आदि मांगों को लेकर धरना, प्रदर्शन और विधानसभा घेराव जैसे कार्यक्रम कर रहे हैं। परन्तु कुछ दिनों पूर्व हुये दिल्ली के जंतर-मंतर व वर्तमान समय रांची में चल रहे छात्र आंदोलन में जहां कुछ बातें समान हैं वहीं कई बातें विरोधाभासी भी हैं। उदाहरण के तौर पर दोनों ही आंदोलन पेपर लीक और राष्ट्रीय परीक्षाओं में हुई धांधली व अनियमितताओं के ख़िलाफ़ किये गए हैं। जंतर मंतर की ही तरह रांची में भी जहाँ आंदोलनस्थल पर अनेक स्वयंसेवी लंगर चला रहे हैं व आंदोलनकारी छात्रों के दूर दराज़ बैठे समर्थक फूड ऐप्स के जरिए सीधे आंदोलन स्थल पर भोजन ऑर्डर कर रहे हैं व छात्रों को मेडिकल व अन्य सुविधाएं उपलब्ध करा रहे हैं। यहाँ भी भोजन इतनी अधिक मात्रा में आ रहा है कि आंदोलनकारी छात्रों ने वीडियो जारी कर लोगों से कुछ दिन ऑर्डर रोकने की अपील की ताकि खाना बर्बाद न हो और बचे हुए भोजन को ज़रूरतमंदों में बांटा जा सके। इसके अलावा रांची के स्थानीय दुकानदारों और आम नागरिकों द्वारा आंदोलन स्थल पर भोजन,समोसे, बिरयानी,नाश्ता और पानी आदि पहुंचाया जा रहा है। अनशन पर बैठे छात्र नेताओं की सेहत की देखभाल के लिए रांची के सदर अस्पताल में मेडिकल टीम नियमित रूप से आंदोलन स्थल पर पहुंचकर स्वास्थ्य जांच (ब्लड प्रेशर, शुगर लेवल) कर रही है। इसके अतिरिक्त झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफ़ान अंसारी ने निर्देश जारी किया है कि आंदोलन के दौरान बीमार या चोटिल होने वाले छात्रों के इलाज का पूरा ख़र्च राज्य सरकार उठाएगी, चाहे वे सरकारी अस्पताल में इलाज कराएं या निजी अस्पताल में। परन्तु इन दोनों अर्थात दिल्ली व रांची के आंदोलन में जो सबसे बड़ा विरोधाभास नज़र आ रहा है वह है जंतर मंतर के छात्र आंदोलन का विरोध करने वालों का रांची के आंदोलन में बढ़चढ़कर हिस्सा लेना। बड़ी हैरत की बात है कि जो वर्ग,जो संगठन और जिस विचारधारा से जुड़े लोग जंतर मंतर के आंदोलनकारियों को देशद्रोही, बदतमीज़, गटर जनरेशन,गलियां बोलने व अपशब्द इस्तेमाल करने वालों का झुण्ड,विदेशी फ़ंडिंग से चलने वाला आंदोलन बता रहे थे, दिल्ली के आंदोलन में जो लोग हिन्दू-मुस्लिम का दृष्टिकोण ढूंढ रहे थे,जिन्हें दिल्ली के आंदोलन कारी आवारा व चरित्रहीन नज़र आ रहे थे वही लोग वही वर्ग और वही विचारधारा रांची के छात्र आंदोलन में कुछ इसतरह बढ़चढ़कर हिस्सा लेने को उतावली है गोया रांची का आंदोलन छात्र आंदोलन के बजाये देश का दूसरा 'स्वाधीनता संग्राम' हो? याद कीजिये कि जंतर मंतर आंदोलन के संदर्भ में ही एक हिंदुत्व विचारक और केरल भाजपा के बौद्धिक प्रकोष्ठ के पूर्व प्रमुख टीजी मोहनदास ने कहा था कि 'अगर स्थिति उनके नियंत्रण में होती, तो वे नई दिल्ली के आंदोलन स्थल के आसपास कर्फ़्यू लगाकर प्रदर्शनकारियों पर गोली चलवा देते'। इस व्यक्ति ने प्रदर्शन में शामिल धर्मनिरपेक्ष और वामपंथी विचारधारा वाली छात्राओं व महिलाओं के साथ रेप करवाने जैसी बेहद अमर्यादित और आपत्तिजनक टिप्पणियां भी की थीं। साथ ही 'गोदी मीडिया ' के नाम से बदनाम सत्ता का पिछलग्गू मीडिया भी जो जंतर मंतर आंदोलन से या तो मुंह मोड़े हुआ था या इसी आंदोलन विरोधी वर्ग की तरह आंदोलन में केवल नकारात्मकता तलाश रहा था,जिसे संसद भवन के पास चल रहा इतना बड़ा छात्र आंदोलन नज़र नहीं आ रहा था वही मीडिया रांची में डेरा जमाये हुये है और अपने तरीक़े से छात्र आंदोलन का नरेटिव सेट करने में लगा है। इस दोहरेपन का केवल एक ही कारण है कि दिल्ली में केंद्र व दिल्ली राज्य, दोनों ही जगह भारतीय जनता पार्टी की सरकारें हैं जबकि झारखण्ड में झारखंड मुक्ति मोर्चा , कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल, के गठबंधन यानी इण्डिया गठबंधन की सरकार है और झामुमो के हेमंत सोरेन इस सरकार के मुख्यमंत्री हैं। इसलिये इनका समर्थन छात्र आंदोलन को नहीं बल्कि यह झारखण्ड में इण्डिया गठबंधन की सरकार का विरोध कर रहे हैं।

इस अवसरवादी विचारधारा का विरोध करने वालों का चेहरा रांची में उस समय भी बेनक़ाब हुआ जबकि जंतर मंतर के आंदोलन का एक प्रमुख चेहरा और वहां अनशन पर बैठने वाली अखिल भारतीय छात्र संगठन AISA की केंद्रीय अध्यक्ष नेहा बोरा जब हज़ारों छात्रों के साथ विधानसभा के लिये मार्च निकाल रही थीं उस समय एक युवक ने नेहा पर स्याही फेंक कर छात्र आंदोलन को समर्थन देने की अपनी हक़ीक़त को उजागर कर दिया। घटना के तुरंत बाद मौक़े पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों और प्रदर्शनकारियों ने युवक को पकड़कर उसकी पिटाई की और फिर पुलिस के हवाले कर दिया और पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ़्तार कर जेल भेज दिया। नेहा बोरा ने इस घटना पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जिनके पास तर्क या बहस की क्षमता नहीं होती, वे ऐसी हरकतों पर उतर आते हैं। उन्होंने इस हमले के पीछे भाजपा और आरएसएस से जुड़े लोगों का हाथ होने का आरोप लगाया। ग़ौरतलब है कि नेहा बोरा व उनका संगठन अखिल भारतीय छात्र संगठन AISA जंतर मंतर के आंदोलन में भी शामिल था और उसी उत्साह के साथ रांची में भी सक्रिय है। जबकि रांची में छात्र आंदोलन का मुख्य चेहरा बनने की इच्छा पालने वाले लोग जंतर मंतर में न केवल लापता थे बल्कि उसके विरोध में भी खड़े थे। कहा जा सकता है कि जंतर मंतर व रांची दोनों जगह छात्र आंदोलन व उनकी मांगें व समस्याएँ तो लगभग एक हैं परन्तु उनके अनेक रूप देखे जा रहे हैं।

स्वतंत्रता दिवस के सांस्कृतिक कार्यक्रमों को दिया अंतिम रूप,हायर सेकेंडरी स्कूल खेल मैदान में होगा आयोजन

# कलेक्टर-एसपी ने अंतिम फुल ड्रेस परेड रिहर्सल का किया निरीक्षण







■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 13 अगस्त।** 80वें स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में आयोजित होने वाली परेड एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आज अंतिम फूल ड्रेस रिहर्सल किया गया। जिसमें जिला कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव एवं पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह ने फाईनल परेड रिहसल की सलामी ली तथा आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अवलोकन कर उन्हें अंतिम रूप प्रदान किया। इस दौरान कलेक्टर ने मुख्य समारोह हेतु की जा रहीं तैयारियों का भी जायजा लिया एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

गौरतलब है कि हर वर्ष की भांति इस बार भी स्वाधीनता दिवस का मुख्य समारोह नगर के हायर सेकण्डरी स्कूल के खेल मैदान में प्रातः 9 बजे से आयोजित होगा। इस मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। मुख्य समारोह में आयोजित होने वाली स्वतंत्रता दिवस परेड के मुख्य परेड कमांडर सुशील नौटियाल (रक्षित निरीक्षक )एवं टू आईसी सुबेदार आनंद पाण्डेय के नेतृत्व में सीआरपीएफ, छ0ग0सशस्त्र बल 9वीं वाहिनी, जिला, पुरूष बस्तर फाइटर्स, महिला बस्तर फाइटर्स, महिला पुलिस बल, नगर सैनिक, स्काउट हायर सेकेंडरी स्कूल दंतेवाड़ा, गाईड हायर सेकेंडरी स्कूल दंतेवाड़ा, गाईड स्वामी आत्मानंद दंतेवाड़ा, सरस्वती शिशु मंदिर दंतेवाड़ा, के कुल 12 दल आस्था विद्या मंदिर जावंगा की बैण्ड पार्टी के देशभक्ति धुनों पर कदम से कदम मिलाते हुए आर्कषक मार्च पास्ट का प्रदर्शन करेगें। साथ ही नगर के विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं के छात्र-छात्राओं के द्वारा आकर्षक व्यायाम का प्रदर्शन तथा विभिन्न विद्यालयों द्वारा देशभक्ति व लोकगीतों के रंग में रंगे सामूहिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया जायेगा। स्वतंत्रता दिवस परेड की अंतिम रिहर्सल के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार खुंटे, उप पुलिस अधीक्षक नसर उल्लाह सिद्दकी, एसडीओपी श्रीमती आकांक्षा सिंह, जिला पंचायत सीईओ एम.भार्गव, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, संयुक्त कलेक्टर बीआर ध्रूव, सहायक आयुक्त राजीव नाग, जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद ठाकुर, नगर पालिका सीएमओ अरूण कुमार ध्रुव, जिला मिशन समन्वयक हरिश गौतम, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री शिवलाल ठाकुर, सीएमएचओ डॉ0 अजय रामटेके एवं अन्य अधिकारीगण सहित सभी शैक्षणिक संस्थाओं के शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## एक नजर

### बस्तर एवं कांकेर सांसद नई दिल्ली में तिरंगा बाइक रैली में हुए शामिल





**जगदलपुर, 13 अगस्त ।** नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में 'हर घर तिरंगा अभियान' के अंतर्गत एक भव्य तिरंगा बाइक रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बस्तर लोकसभा सांसद महेश कश्यप और कांकेर लोकसभा सांसद भोजराज नाग ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।कार्यक्रम का शुभारंभ उपराष्ट्रपति श्री सीपी. राधाकृष्णन द्वारा रैली को हरी झंडी दिखाकर किया गया। तिरंगे के साथ सड़कों पर उमड़ा जनसैलाब देश की एकता,अखंडता,गौरव और राष्ट्रप्रेम की जीवंत अभिव्यक्ति बनकर सामने आया। प्रतिभागियों ने देशभक्ति के नारों और तिरंगे के सम्मान के साथ पूरे उत्साह से रैली में भाग लिया। इस अवसर पर सांसद महेश कश्यप ने आज बुधवार को इसकी जानकारी साझा करते हुए कहा कि 'हर घर तिरंगा' अभियान देशवासियों में राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान और गर्व की भावना को और अधिक सशक्त करता ।

### 75 दिनों के ऐतिहासिक उत्सव का आरंभ



**जगदलपुर, 13 अगस्त ।** बस्तर की पावन धरा अपनी समृद्ध परंपराओं और ऐतिहासिक सांस्कृतिक धरोहर के साथ एक बार फिर विश्व के सबसे लंबे चलने वाले लोक-उत्सव की साक्षी बन गई है। बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण में बुधवार को हरेली अमावस्या के पावन अवसर पर पाट जात्रा पूजा विधान के साथ विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व का विधिवत शुभारंभ हो गया है। 75 दिनों तक चलने वाले इस अनोखे और अलौकिक उत्सव की शुरुआत के साथ ही रथ निर्माण के लिए ठुरलू खोटला की पूजा अर्चना विधि विधान के साथ की गई। इस पावन अवसर पर महापौर श्री संजय पाण्डे, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री बलदेव मंडावी, कलेक्टर श्री आकाश छिकारा, अपर कलेक्टर श्री सीपी बघेल, बस्तर दशहरा समिति के सदस्य, पारम्परिक मांझी-चालकी, मेम्बर-मेम्बरीन, पुजारी, पटेल, नाईक-पाईक और बड़ी संख्या में सेवादार उपस्थित रहे।

### तिरंगा यात्रा बाइक रैली में कलेक्टर-एसपी हुए शामिल चित्रकोट में स्वच्छता संदेश के साथ हुआ समापन

**जगदलपुर, 13 अगस्त।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आज बुधवार को तिरंगा यात्रा के अंतर्गत बाइक रैली का आयोजन किया गया। रैली में कलेक्टर आकाश छिकारा, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, जिला पंचायत सीईओ तन्मय खन्ना सहित जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। हाथों में तिरंगा लेकर बाइक सवारों ने शहर में भ्रमण करते हुए देशभक्ति और राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया।बाइक रैली ने जगदलपुर शहर के पीजी कॉलेज चौक से प्रारंभ होकर, अग्रसेन चौक, दंतेश्वरी मंदिर होते दलपत सागर के किनारे से विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर भ्रमण किया। इस दौरान भारत माता की जय और वंदे मातरम् के जयघोष से वातावरण देशभक्तिमय हो गया। रैली के माध्यम से नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने घरों पर तिरंगा फहराने तथा राष्ट्र के प्रति सम्मान और गौरव की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया गया।तिरंगा यात्रा की रैली को पुलिस अधीक्षक सिन्हा और सीईओ तन्मय के नेतृत्व में लोहंडीगुडा तक लेकर गया, इसके साथ ही उसरीबेड़ा से जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वेदवती कश्यप, जिला पंचायत और जनपद पंचायत के सदस्य भी इस रैली में शामिल हुए। तिरंगा यात्रा की रैली का समापन जिले के प्रसिद्ध चित्रकोट जलप्रपात में किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों एवं प्रतिभागियों द्वारा चित्रकोट जलप्रपात क्षेत्र में स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। सभी ने मिलकर जलप्रपात एवं आस-पास के पर्यटन क्षेत्र की साफ-सफाई की और स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।

## बस्तर के नक्सलमुक्त होने पर बस्तर दशहरा की 619 वर्ष पुरानी सांस्कृतिक विरासत को राष्ट्रीय मंच देने की पहल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 13 अगस्त।** संसद भवन,नई दिल्ली में केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण तथा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से बस्तर लोकसभा क्षेत्र के सांसद महेश कश्यप ने अपनी मुलाकात की जानकारी आज बुधवार को साझा करते हुए जारी विज्ञप्ति में बताया कि उन्होने जगदलपुर रावघाट रेल परियोजना के कार्य प्रारंभ होने की दिशा में हुई प्रगति के लिए केंद्रीय मंत्री का आभार व्यक्त किया। साथ ही बस्तर की समृद्ध जनजातीय संस्कृति,परंपराओं और बदलते बस्तर की सकारात्मक तस्वीर को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत करने से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। सांसद महेश कश्यप ने केंद्रीय मंत्री से विश्व प्रसिद्ध 75 दिवसीय बस्तर दशहरा महोत्सव 2026 के प्रमुख आयोजनों का दूरदर्शन से विशेष लाइव प्रसारण तथा आकाशवाणी से विशेष एवं सीधा प्रसारण कराने का आग्रह किया है

सांसद महेश कश्यप ने कहा कि लंबे समय तक नक्सलवाद के प्रभाव के कारण बस्तर की पहचान देश-दुनिया में भय और नक्सली हिंसा से जोड़कर देखी जाती रही। आज बस्तर नक्सलवाद के प्रभाव से बाहर निकलकर शांति,विकास और नई संभावनाओं की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। ऐसे समय में बस्तर दशहरा देश और दुनिया के सामने एक शांतिपूर्ण,सुरक्षित, सांस्कृतिक रूप से समृद्ध एवं विकासशील बस्तर की सकारात्मक तस्वीर प्रस्तुत करने का महत्वपूर्ण अवसर है।उन्होंने कहा कि गत वर्ष केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बस्तर दशहरा के अवसर पर बस्तर पहुंचकर मुरिया दरबार में सहभागिता की थी। वहीं इस वर्ष महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के बस्तर दशहरा महोत्सव में आगमन की संभावना है। ऐसे में इस वर्ष के आयोजन का राष्ट्रीय महत्व और भी बढ़ गया है। सांसद के प्रस्ताव पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बस्तर दशहरा की विशेष कवरेज,दूरदर्शन एवं आकाशवाणी के माध्यम से प्रसारण तथा डॉक्यूमेंट्री फिल्म निर्माण की संभावनाओं पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।उन्होंने बताया कि बस्तर दशहरा लगभग 619 वर्षों से चली आ रही अद्वितीय जनजातीय सांस्कृतिक एवं धार्मिक परंपरा है। अपनी विशिष्ट पूजा पद्धति,देवी देवताओं की परंपराओं,जनजातीय रीति रिवाजों,मुरिया दरबार,रथ परिक्रमा और सामाजिक सांस्कृतिक व्यवस्था के कारण बस्तर दशहरा देश के अन्य दशहरा आयोजनों से अलग विशिष्ट पहचान रखता है। सांसद ने बस्तर दशहरा के इतिहास,धार्मिक परंपराओं,जनजातीय संस्कृति, लोकजीवन तथा बदलते और विकसित होते बस्तर पर उच्चस्तरीय डॉक्यूमेंट्री फिल्म के निर्माण का भी आग्रह किया है,ताकि बस्तर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को देश ही नहीं,बल्कि अंतरराष्ट्रीय दर्शकों तक पहुंचाया जा सके। सांसद महेश कश्यप ने केंद्रीय मंत्री के त्वरित एवं सकारात्मक सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बस्तर की 619 वर्ष पुरानी सांस्कृतिक विरासत को राष्ट्रीय मंच मिलना पूरे बस्तरवासियों के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा बस्तर दशहरा केवल बस्तर का पर्व नहीं,बल्कि भारत की समृद्ध जनजातीय संस्कृति,आस्था और परंपराओं की जीवंत पहचान है। दूरदर्शन,आकाशवाणी और डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से बस्तर की संस्कृति,परंपरा और बदलते बस्तर की सकारात्मक तस्वीर देश दुनिया के सामने प्रभावी रूप से प्रस्तुत होगी। इससे बस्तर की वास्तविक पहचान और उसकी सांस्कृतिक समृद्धि को वैश्विक मंच मिलेगा।

## बाइक सवार खाई में गिरे,युवती की मौत और युवक घायल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव,13 अगस्त।** राजनांदगांव स्थित बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए रायपुर से निकले बाइक सवारों का दल दुर्ग बायपास मार्ग पर हादसे का शिकार हो गया अंजोरा चौकी क्षेत्र में आशीर्वाद बार के सामने एक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे खाई में जा गिरी हादसे में बाइक के पीछे बैठी ( 21साल ) युवती सना निहाल गंभीर रूप से घायल हो गई उसे उपचार के लिए तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया जहां उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।। वहीं बाइक चला रहा युवक भी घायल हुआ है अंजोरा चौकी पुलिस ने बताया कि रायपुर से कुछ लोग दो बाइकों से राजनांदगांव स्थित बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए निकले थे सभी दुर्ग बायपास के रास्ते राजनांदगांव जा रहे थे आगे चल रही बाइक में डिगेश्वर साहू बाइक चला रहा था, जबकि सना निहाल पीछे बैठी थी रास्ते में डिगेश्वर ने बाइक की गति धीमी की और पीछे चल रहे अपने साथियों की ओर मुड़कर देखने लगा। इसी दौरान बाइक अनियंत्रित हो गई और आशीर्वाद बार के सामने सड़क से नीचे खाई में जा गिरी। हादसे में बाइक सवार दोनों घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां इलाज के दौरान सना निहाल ने दम तोड़ दिया हादसे की सूचना के बाद अंजोरा पुलिस ने मामले को दर्ज कर लिया है और जांच में जुटी हुई है।

## स्वतंत्रता दिवस के पूर्व रेलवे स्टेशन की जांच की गई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 13 अगस्त। स्वतंत्रता दिवस के पूर्व एवं यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए भिलाई तीन आरपीएफ टीआई मनीष कुमार और भिलाई तीन जीआरपी प्रभारी राजेंद्र सिंह द्वारा भिलाई पावर हाउस रेलवे स्टेशन पर संयुक्त रूप से सघन सुरक्षा जांच एवं निरीक्षण अभियान चलाया गया यह कार्रवाई सहायक सुरक्षा आयुक्त रेलवे सुरक्षा बल, रायपुर मंडल की उपस्थिति में की गई संयुक्त टीम ने रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया प्लेटफार्म? प्रतीक्षालय, प्रवेश एवं निकास मार्ग सहित अन्य संवेदनशील स्थानों की बारीकी से जांच की? इस दौरान स्टेशन पर आने-जाने वाली ट्रेनों यात्रियों तथा संदिग्ध व्यक्तियों और वस्तुओं पर विशेष निगरानी रखी गई तथा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया सुरक्षा जांच के दौरान स्टेशन परिसर में स्थापित सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता की भी जांच की गई अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े विभिन्न पहलुओं का निरीक्षण करते हुए ड्यूटी पर तैनात रेलवे सुरक्षा बल एवं शासकीय रेलवे पुलिस के जवानों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए अधिकारियों ने स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर सभी सुरक्षा कर्मियों को पूर्ण सतर्कता एवं सजगता बनाए रखने संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखने तथा किसी भी असामान्य स्थिति की तत्काल सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को देने के निर्देश दिए इस के साथ ही यात्रियों के साथ बेहतर समन्वय एवं सहयोग के लिए ड्यूटी पर तैनात बल सदस्यों को सॉफ्ट स्किल का प्रयोग करते हुए यात्रियों के साथ शालीन एवं उचित व्यवहार करने के निर्देश भी दिए गए रेलवे सुरक्षा बल एवं शासकीय रेलवे पुलिस द्वारा स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर रेलवे स्टेशन एवं ट्रेनों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने तथा यात्रियों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए लगातार निगरानी और जांच अभियान जारी रखा जा रहा है।

## मेकॉज के इंटर्न चिकित्सकों ने रैली निकालकर स्टाइपेंड बढ़ाने की अर्जी मां दंतेश्वरी को सौंपी




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 13 अगस्त।** बस्तर जिला मुख्यालय के मेडिकल कॉलेज डिमरापाल के इंटर्न चिकित्सक स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग को लेकर पिछले आठ दिनों से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। सरकार से लगातार मांग रखने के बावजूद समाधान नहीं होने पर इंटर्न चिकित्सकों ने आज बुधवार को शहर में पैदल मार्च निकालकर बस्तर की आराध्य मां दंतेश्वरी के मंदिर पहुंचकर अपनी मांगों से जुड़ी अर्जी मां दंतेश्वरी को अर्पित की।इंटर्न चिकित्सकों की प्रमुख मांग मासिक स्टाइपेंड को 15,900 रुपये से बढ़ाकर 30 हजार रुपये करने की है। इंटर्न चिकित्सकों का कहना है कि इस संबंध में सरकार को पत्र और कई बार निवेदन किया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई निर्णय नहीं लिया गया। मांग पूरी नहीं होने के बाद इंटर्न डॉक्टरों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे हैं। मेडिकल कॉलेज परिसर में चिकित्सक धरने पर बैठे हैं और तालपत्री लगाकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। उनका कहना है कि छत्तीसगढ़ में इंटर्न और पीजी रेजिडेंट डॉक्टरों को दूसरे राज्यों की तुलना में काफी कम स्टाइपेंड मिल रहा है।इंटर्न डॉक्टरों के साथ पीजी रेजिडेंट भी स्टाइपेंड में बढ़ोतरी की मांग उठा रहे हैं। चिकित्सकों के अनुसार छत्तीसगढ़ में पीजी प्रथम वर्ष का स्टाइपेंड करीब 67,500 रुपये है, जिसे वे अन्य राज्यों की तुलना में कम बता रहे हैं। प्रदर्शन कर रहे चिकित्सकों का कहना है कि लंबे समय तक प्रशिक्षण और अस्पतालों में जिम्मेदारी के साथ सेवाएं देने वाले इंटर्न और पीजी डॉक्टरों को उनके काम के अनुरूप सम्मान जनक स्टाइपेंड मिलना चाहिए। उन्होंने समय पर स्टाइपेंड भुगतान और चिकित्सकों के हित में उचित व्यवस्था की मांग की है।हड़ताल के आठवें दिन बुधवार को इंटर्न चिकित्सकों ने अपनी मांगों के समर्थन में पैदल मार्च निकाला। मार्च चांदनी चौक से शुरू होकर शहीद पार्क, पुराना बस स्टैंड, मेन रोड, गोल बाजार और सिरहासार होते हुए मां दंतेश्वरी मंदिर पहुंचा। मंदिर पहुंचने के बाद चिकित्सकों ने मां दंतेश्वरी को अपनी मांगों और समस्याओं से संबंधित पत्र सौंपा।

## एक अनोखा स्कूल 'सक्षम' दिव्यांग बच्चों को शिक्षा और खेल-कूद के माध्यम से आत्मनिर्भर बना रहा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**दंतेवाड़ा, 13 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में भारतीय पुनर्वास परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त यह आवासीय स्कूल अपनी तरह का पहला मॉडल है, जो दिव्यांगता की सभी 21 श्रेणियों के बच्चों को एक ही छत तले शिक्षा के साथ-साथ विशेष थेरेपी, पुनर्वास, खेल और व्यावसायिक प्रशिक्षण निःशुल्क प्रदान कर रहा है।

अटल बिहारी वाजपेयी एजुकेशन सिटी, जावंगा में स्थित यह 'सक्षम' स्कूल न केवल जन्मजात दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की बाधाओं को दूर करने में मदद कर रहा है, बल्कि माओवादी हिंसा के शिकार लोगों सहित उन बच्चों का भी पुनर्वास कर रहा है, जो बाद में दिव्यांगता का शिकार हुए हैं।वर्ष 2014 में स्थापित इस संस्थान का संचालन दंतेवाड़ा जिला प्रशासन द्वारा एनएमडीसी के नैगम सामाजिक दायित्व (ष्टस्क्र) कार्यक्रम के तहत वित्तीय सहायता से किया जाता है। वर्तमान में सक्षम के दोनों स्कूलों – लड़कों के लिए सक्षम और लड़कियों के लिए सक्षम – में कुल 200 छात्र हैं, जिनमें 100 लड़के और 100 लड़कियां शामिल हैं। यह संस्थान पहली कक्षा से लेकर बारहवीं कक्षा तक दिव्यांग बच्चों को शिक्षा, भोजन, आवास, थेरेपी और पुनर्वास की सुविधाएं पूरी तरह निःशुल्क प्रदान करता है। संस्थान के अधीक्षक प्रमोद कर्मा के अनुसार, सक्षम भारतीय पुनर्वास परिषद के दिशानिर्देशों के तहत दिव्यांगता की सभी 21 श्रेणियों के बच्चों की जरूरतों को पूरा करता है। यही विशेषता इसे एक अनूठा संस्थान बनाती है, जहां विभिन्न प्रकार की दिव्यांगताओं वाले बच्चों को एक ही परिसर में शिक्षित और प्रशिक्षित किया जाता है। कर्मा ने कहा, मेरा मानना है कि यह न केवल छत्तीसगढ़ में, बल्कि पूरे देश में पहला ऐसा संस्थान है, जहां सभी 21 प्रकार की दिव्यांगताओं वाले बच्चों को एक ही परिसर और एक ही स्कूल के भीतर शिक्षा की विभिन्न विधाओं से जोड़ा जाता है।÷ स्कूल का दृष्टिकोण इसे पारंपरिक शिक्षा से कहीं आगे ले जाता है। इसके सहायता तंत्र में फिजियोथेरेपिस्ट, ऑक्यूपेशनल थेरेपिस्ट, ऑडियोलॉजिस्ट, विशेष शिक्षक और शारीरिक प्रशिक्षण प्रदान करने वाले प्रशिक्षक शामिल हैं, जिससे छात्रों को उनकी व्यक्तिगत जरूरतों के अनुसार सहायता मिलती है। इस संस्थान में हाथ की कमजोर पकड़, न्यूरोलॉजिकल समस्याओं और टांगों की लंबाई में अंतर जैसी स्थितियों से जूझ रहे बच्चों को फिजियोथेरेपी दी जाती है। रोजमर्रा के कौशल विकसित करने और आत्मनिर्भरता पर अधिक ध्यान केंद्रित करने के लिए ऑक्यूपेशनल थेरेपी प्रदान की जाती है। ऐसे छात्रों, जिन्हें सुनने और बोलने में समस्या आती है, उन्हें उनकी जरूरत के अनुरूप विशेष उपकरणों का उपयोग करके स्पीच थेरेपी दी जाती है। इसके अलावा, सक्षम उन बच्चों को भी सहायता प्रदान करता है जिनकी दिव्यांगता उस हिंसा का परिणाम है, जिसने दशकों से बस्तर को प्रभावित किया है।बीजापुर जिले के कमलेश ने एक आईईडी विस्फोट में अपना दाहिना पैर खो दिया था। सक्षम में उन्हें एक कृत्रिम अंग (प्रोस्थेटिक लिम्ब) के साथ-साथ पुनर्वास सहायता भी प्रदान की गई, जिससे उन्हें अपनी दिव्यांगता के साथ तालमेल बिठाने और अपनी शिक्षा जारी रखने में मदद मिली।संस्थान का पुनर्वास पर जितना जोर है, उतना ही ध्यान वह उन छिपी हुई प्रतिभाओं को निखारने पर भी देता है, जो अन्यथा सामने नहीं आ पातीं। ग्रोथ हार्मोन की कमी से जूझ रहे छात्र प्रिंस यहां घुड़सवारी के शौकीन बनकर उभरे हैं और अब राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे हैं। उन्होंने पिछले दो वर्षों से सक्षम में घुड़सवारी का प्रशिक्षण लिया है और राज्य तथा राष्ट्रीय दोनों स्तर की प्रतियोगिताओं में सफलता हासिल करने का लक्ष्य रखते हैं। सक्षम की खेल गतिविधियों में घुड़सवारी भी शामिल है। यहां के छात्र टेबल टेनिस, वॉलीबॉल और कई तरह के इनडोर तथा आउटडोर खेलों में भी भाग लेते हैं। स्कूल बच्चों की रुचि और उनकी क्षमताओं के आधार पर उन्हें अलग-अलग खेलों से जोड़ता है। कई छात्र राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए आगे बढ़ रहे हैं।कर्मा के अनुसार, स्कूल की सफलता की असली कसौटी यह है कि यहां से पढ़ाई पूरी कर निकलने के बाद छात्र अपने जीवन में किस प्रकार सफलता हासिल करते हैं और अपने लिए एक स्वतंत्र भविष्य बनाते हैं।सक्षम के पूर्व छात्रों में किशन मंडावी भी शामिल हैं, जो सिविल इंजीनियर बने हैं। रोहित पेंगर ने मेडिकल की पढ़ाई के लिए क्वालीफाई किया, जबकि रूपेश मरकाम ने हाल ही में नीट परीक्षा के लिए क्वालीफाई किया। सक्षम से कक्षा 12 पूरी करने वाले एक दिव्यांग छात्र आकाश सुकमा में शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं। कर्मा के अनुसार, अब तक कुल 37 पूर्व छात्र सरकारी नौकरियों सहित विभिन्न व्यवसायों और पेशों में प्रवेश कर चुके हैं।स्कूल की कार्यप्रणाली ऐसी है कि शिक्षा, पुनर्वास और आत्मनिर्भरता को अलग-अलग लक्ष्यों के बजाय आपस में जोड़कर देखा जाता है। उदाहरण के लिए, जिस बच्चे को फिजियोथेरेपी की आवश्यकता होती है, उसे खेलों में भी शामिल किया जाता है। वहीं, जिसे विशेष शिक्षण सहायता की जरूरत होती है, उसे व्यावसायिक प्रशिक्षण और मुख्यधारा की शिक्षा के अवसर भी प्रदान किए जाते हैं।छात्रों को कला, शिल्प, संगीत तथा अन्य व्यावसायिक कौशलों में प्रशिक्षित किया जाता है, जबकि विशेष शिक्षक बच्चों की दिव्यांगता और सीखने की जरूरतों के अनुसार उन्हें प्रशिक्षित करते हैं।एनएमडीसी के ष्टस्क्र कार्यक्रम के तहत सक्षम को पूरी तरह वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। क्षेत्र में स्थित प्रमुख खनन कंपनी एनएमडीसी ने सक्षम-द्धद्ध के निर्माण के लिए 2 करोड़ रुपये से अधिक का योगदान दिया है तथा संस्थान के परिचालन व्यय के लिए सालाना 3 करोड़ रुपये से अधिक राशि खर्च की जाती है।सक्षम के दोनों स्कूलों में कुल 200 छात्र रहते और पढ़ते हैं। यहां उन्हें ऐसा आवासीय वातावरण उपलब्ध कराया जाता है, जहां शिक्षा, थेरेपी, भोजन, आवास और पुनर्वास को एक ही व्यवस्था में एकीकृत किया गया है। सुदूर और आर्थिक रूप से पिछड़े जिले के बच्चों के लिए इस तरह के मॉडल का महत्व केवल स्कूली शिक्षा तक सीमित नहीं है। यह परिवारों को अपने बच्चों को दूर भेजे बिना विशेष सहायता प्राप्त करने में सक्षम बनाता है तथा छात्रों को प्रतिस्पर्धा करने, कौशल हासिल करने और अंततः कार्यबल में शामिल होने के अवसर प्रदान करता है। माओवादी विस्फोट में अपना अंग खोने वाले बच्चे से लेकर घुड़सवारी में राष्ट्रीय पदक जीतने का लक्ष्य रखने वाले बच्चे तक, सक्षम के छात्रों की दिव्यांगता और उनकी कहानियां भले ही अलग हों, लेकिन जो चीज उन्हें आपस में जोड़ती है, वह है एक ऐसा भविष्य गढ़ने का अवसर जो उनकी कमियों से नहीं, बल्कि इस बात से तय होता है कि वे क्या सीख सकते हैं, क्या हासिल कर सकते हैं और समाज में क्या योगदान दे सकते हैं। दंतेवाड़ा में सक्षम इस सोच को एक संस्थान में बदलने का प्रयास कर रहा है – एक ऐसा संस्थान जो शिक्षा, पुनर्वास और अवसर को एक ही परिसर में साथ लाकर दिव्यांग बच्चों को निर्भरता से आत्मनिर्भरता की ओर ले जाने का मार्ग प्रशस्त कर रहा है।

### एक लाख रूपये की चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**जगदलपुर, 13 अगस्त ।** जिला मुख्यालय के होटल एंबीशन के कर्मचारी द्वारा रिसेप्शन से नगद रकम एक लाख रूपये चोरी करने वाले एक आरोपी अनिमेष बक्सी पिता मिरनाल बक्सी उम्र 24 निवासी 104 सतदल इनक्लेव नोर्य आफिस पारा ए.जी. आफिस के पीछे डोरंडा जिला रांची झारखंड को चोरी किए गये नगदी रकम के साथ गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अरूण कुमार कंसारी होटल एम्बिशन कर्मचारी ने थाना हाजिर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 18 जुलाई 2026 को एंबीशन होटल के कर्मचारी के रूप में न्यू ज्वाइन करने वाले कर्मचारी अनिमेश बक्शी द्वारा नौकरी ज्वाइन करते ही 19 जुलाई 26 को करीबन 11 से 12 बजे के मध्य रिसेप्शन के दराज में रखे नगदी रकम एक लाख रुपए के चोरी की वारदात को अंजाम दिया ।

# लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम के जरिए 500 लोगों तक पहुंचा स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 14 अगस्त।** बच्चों में होने वाले गैर-संचारी रोगों की समय पर पहचान, जांच एवं उपचार तथा मातृ-शिशु स्वास्थ्य से जुड़े जरूरी संदेशों को समुदाय तक सरल और प्रभावी ढंग से पहुंचाने के उद्देश्य से विकासखंड पुसौर के ग्राम गोर्रा स्थित डीपापारा हाट बाजार में लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला स्वास्थ्य विभाग रायगढ़ द्वारा यूनिसेफ छत्तीसगढ़ एवं एमसीसीआर ट्रस्ट के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक, लोकगीत एवं नृत्य के माध्यम से करीब 500 लोगों को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। स्थानीय परिवेश और लोक कला से जुड़े माध्यमों ने जटिल स्वास्थ्य विषयों को भी सहज, रोचक और प्रभावी ढंग से लोगों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।




कार्यक्रम में लोक प्रस्तुतियों के माध्यम से बाल मधुमेह (टाइप-1 डायबिटीज), सिकल सेल रोग एवं जन्मजात हृदय रोग के शुरुआती संकेतों की जानकारी दी गई। नुक्कड़ नाटक के जरिए बताया गया कि बच्चों में बार-बार पेशाब आना, अत्यधिक प्यास लगना, बिना कारण वजन कम होना, कमजोरी एवं अत्यधिक थकान जैसे लक्षण टाइप-1 डायबिटीज के संकेत हो सकते हैं। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर बच्चों की समय पर जांच कराने और नजदीकी स्वास्थ्य संस्था से संपर्क करने की अपील की गई। इसी तरह सिकल सेल रोग के मामले में समय पर जांच, नियमित उपचार और फॉलो-अप के महत्व को समझाया गया। लोगों को बीमारी से जुड़ी भ्रांतियों और भेदभाव से दूर रहने तथा प्रभावित बच्चों का उपचार बीच में न छोड़ने के लिए प्रेरित किया गया। जन्मजात हृदय रोग के संबंध में बच्चों में दूध पीने में परेशानी, दूध पीते समय पसीना आना, सांस लेने में तकलीफ, बार-बार बीमार पड़ना अथवा उम्र के अनुसार वजन न बढ़ने जैसे संभावित संकेतों को नजरअंदाज नहीं करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के माध्यम से यह स्पष्ट किया गया कि समय पर पहचान, समय पर जांच और समय पर उपचार÷ बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए बेहद जरूरी है। अभिभावकों से बच्चों में दिखाई देने वाले असामान्य लक्षणों पर तत्काल स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ने की अपील की गई।

### लोकगीतों से मातृ-शिशु स्वास्थ्य, सुरक्षित प्रसव और टीकाकरण का संदेश

सांस्कृतिक कार्यक्रम में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को भी प्रमुखता से शामिल किया गया। लोकगीतों एवं नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से गर्भावस्था के दौरान नियमित स्वास्थ्य जांच, पौष्टिक एवं संतुलित आहार, एनीमिया की रोकथाम, सुरक्षित एवं संस्थागत प्रसव तथा नवजात शिशु की उचित देखभाल के संबंध में जागरूक किया गया। साथ ही शिशु के लिए स्तनपान तथा बच्चों के समय पर और पूर्ण टीकाकरण के महत्व की जानकारी भी दी गई। गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों में बीमारी या किसी जोखिम के संकेत दिखाई देने पर उपचार में देरी न करने तथा स्वास्थ्य कार्यकर्ता अथवा नजदीकी स्वास्थ्य संस्था से संपर्क करने के लिए समुदाय को प्रेरित किया गया। हाट बाजार जैसे सार्वजनिक एवं सामुदायिक स्थल पर आयोजित कार्यक्रम से बड़ी संख्या में ग्रामीणों तक स्वास्थ्य संदेश पहुंचा।

कार्यक्रम मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती रंजना पैकरा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। आयोजन में जिला नोडल अधिकारी-एनसीडी डॉ. जावेद, जिला जन स्वास्थ्य नर्स श्रीमती सीमा बरेट एवं जिला सिकल सेल नोडल अधिकारी डॉ. सुमित मंडल सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों का सहयोग रहा। यूनिसेफ के हेल्थ स्पेशलिस्ट डॉ. गजेन्द्र सिंह एवं उनकी टीम ने तकनीकी सहयोग दिया, जबकि एमसीसीआर ट्रस्ट के डायरेक्टर डॉ. डी. श्याम कुमार एवं उनकी टीम ने आयोजन एवं समन्वय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# हरेली तिहार पर हमर सुंदर गाँव फाउंडेशन ने हरियाली बढ़ाने के लिए पौधे लगाए



**भाटापारा, 13 अगस्त।** हरेली तिहार के पावन अवसर पर ग्राम दावनबोड़ में हमर सुंदर गाँव फाउंडेशन की ओर से पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर अशोक, पीपल एवं बरगद जैसे पर्यावरण एवं प्रकृति के लिए महत्वपूर्ण पौधों का रोपण किया जाएगा।

हमर सुंदर गाँव फाउंडेशन द्वारा विगत 5 वर्षों से जन्मदिन एवं अन्य विशेष अवसरों को यादगार बनाने के लिए पौधारोपण की पहल लगातार की जा रही है। संस्था का उद्देश्य केवल पौधे लगाना ही नहीं, बल्कि लगाए गए पौधों की देखभाल कर उन्हें पेड़ के रूप में विकसित करना और आने वाली पीढ़ियों के लिए हराभरा एवं स्वच्छ पर्यावरण तैयार करना है। संस्था ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे अपने जीवन के विशेष अवसरों–जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ एवं अन्य शुभ अवसरों–पर पौधारोपण कर प्रकृति संरक्षण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।फाउंडेशन के अध्यक्ष सुरेश वर्मा ने इसके अलावा रक्तदान शिविर , बच्चों को निशुल्क कक्षा , गाँव सफाई अभियान चलाया जाता हैवृक्षारोपण कार्यक्रम में अमृत लाल ध्रुव (सचिव) रामकुमार वर्मा (संरक्षक ) नोहर सिंह ध्रुव, गोविन्द वर्मा, (उपाध्यक्ष) लखन वर्मा, गंगा प्रसाद वर्मा, तुलाराम वर्मा , टिकेश्वर वर्मा , राम स्वरूप वर्मा, योगेन्द्र वर्मा , नितेश वर्मा, मनोज वर्मा, मनोहर साहू , नीलकंठ वर्मा, प्रवीण वर्मा, नवीन वर्मा, सोनू सेन , छवि चक्रधारी, मुरारी साहू, जय प्रकाश वर्मा, लक्ष्मीकांत वर्मा, विष्णु प्रसाद वर्मा, विष्णु प्रसाद ध्रुव मनोज साहू, पंकज वर्मा , डुपेश वर्मा , अजय वर्मा , मालिक राम वर्मा, रमेश वर्मा , दानेश्वर वर्मा , सोनू वर्मा , लेखु राम ध्रुव, का विशेष सहयोग रहता है ।

## तीन वर्षों में जिले के 33 हजार से अधिक किसानों को मिला फसल बीमा

**कांकेर 13 अगस्त ।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना किसानों के लिए फसल उत्पादन में होने वाले विभिन्न जोखिमों से सुरक्षा का प्रभावी माध्यम साबित हो रही है। योजना के अंतर्गत जिले में विगत तीन वर्षों में औसत उपज से कम उत्पादन होने के कारण 33 हजार 200 बीमित किसानों को 68 करोड़ 99 लाख रुपये की दावा राशि का भुगतान बीमा कंपनी के माध्यम से किया गया है।कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2023 में कांकेर जिले की 8 तहसीलों के 24 हजार 692 किसानों को 54 करोड़ 01 लाख रुपये, वर्ष 2024 में 11 तहसीलों के 04 हजार 376 किसानों को 06 करोड़ 73 लाख रुपये तथा वर्ष 2025 में 11 तहसीलों के 04 हजार 132 किसानों को 08 करोड़ 25 लाख रुपये की दावा राशि का भुगतान किया गया। यह आंकड़ा बताता है कि फसल बीमा योजना फसल उत्पादन में विभिन्न जोखिमों जैसे- ओलावृष्टि, जलभराव, बेमौसम एवं चक्रवाती बारिश सहित फसल उत्पादन के आधार पर व्यापक क्षति की स्थिति में उपज में आई कमी की पूर्ति के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एक कारगार एवं लाभदायक उपाय के रूप में उभरकर सामने आया है। योजना के लाभ को देखते हुए इस वर्ष भी किसान बढ़-चढ़कर फसलों का बीमा कराने के लिए आगे आ रहे हैं, अब तक 50 हजार 918 किसानों के द्वारा 91 हजार 550 हेक्टेयर का फसल बीमा कराया जा चुका है।

## एक नजर

### संवाद से सुलझेंगे विवाद, देशभर में शुरू हुआ 'मीडिएशन फॉर द नेशन 3.0' अभियान

**रायगढ़, 13 अगस्त ।** विवादों के समाधान के लिए न्यायालयों पर निर्भरता कम करने और पक्षकारों के बीच आपसी सहमति एवं संवाद के माध्यम से मामलों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से माननीय उच्चतम न्यायालय, भारत द्वारा देशभर में 'मीडिएशन फॉर द नेशन 3.0' अभियान का शुभारंभ किया गया है। यह अभियान 1 अगस्त 2026 से शुरू हुआ है और आगामी दिसंबर 2026 तक संचालित किया जाएगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को मध्यस्थता के माध्यम से विवादों का सौहार्दपूर्ण, त्वरित, सरल एवं कम खर्चीला समाधान उपलब्ध कराना है। इसके साथ ही समाज में संवाद, आपसी समझ और सहमति के माध्यम से विवादों को समाप्त करने की संस्कृति को बढ़ावा देना भी अभियान का प्रमुख उद्देश्य है।'मीडिएशन फॉर द नेशन 3.0' अभियान के अंतर्गत न्यायालयों में लंबित ऐसे प्रकरण, जिनमें कानूनन समझौते की संभावना है, उन्हें संबंधित पक्षकारों की सहमति से मध्यस्थता के लिए भेजा जाएगा। मध्यस्थता की प्रक्रिया के माध्यम से दोनों पक्षों को अपने विवाद पर आपसी बातचीत और सहमति से समाधान तक पहुंचने का अवसर मिलेगा। मध्यस्थता में प्रशिक्षित एवं निष्पक्ष मध्यस्थ दोनों पक्षों के बीच संवाद स्थापित करने में सहायता करते हैं। इसका उद्देश्य किसी एक पक्ष के पक्ष में निर्णय देना नहीं, बल्कि दोनों पक्षों की सहमति से ऐसा समाधान तलाशना है, जिसे वे स्वयं स्वीकार कर सकें।

### मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम से ग्रामीण क्षेत्र में उद्योग स्थापना का अवसर

**रायगढ़, 13 अगस्त ।** छत्तीसगढ़ खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के इच्छुक हितग्राहियों को स्वरोजगार से जोड़ने और ग्रामोद्योगों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना संचालित की जा रही है। योजना के अंतर्गत ग्रामोद्योग स्थापित करने के इच्छुक ग्रामीण क्षेत्र के हितग्राहियों से आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं।

प्रबंधक/सहायक संचालक ग्रामोद्योग ने बताया कि मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत जिला कार्यालय रायगढ़ को कुल 32 इकाइयों की स्थापना का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। योजना के माध्यम से खनिज, वन, कृषि, रसायन, इंजीनियरिंग एवं सेवा क्षेत्र से संबंधित विभिन्न प्रकार के ग्रामोद्योग स्थापित किए जा सकते हैं। इनमें दोना-पत्तल उद्योग, आटा चक्की, मसाला उद्योग सहित कुल 117 प्रकार के उद्योग शामिल हैं। योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को उद्योग स्थापना के लिए अधिकतम 35 प्रतिशत तक अनुदान दिए जाने का प्रावधान है। इससे ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं, स्व-सहायता समूहों एवं अन्य इच्छुक हितग्राहियों को स्वयं का रोजगार स्थापित करने तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित करने में मदद मिलेगी।इच्छुक हितग्राही मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत आवेदन एवं योजना संबंधी जानकारी के लिए जिला पंचायत कार्यालय रायगढ़, प्रथम तल, कक्ष क्रमांक-39, ग्रामोद्योग कक्ष में संपर्क कर सकते हैं। योजना से संबंधित जानकारी एवं आवेदन प्रक्रिया के लिए मोबाइल नंबर 7898985249 एवं 7898985239 पर भी संपर्क किया जा सकता है। विभाग ने ग्रामीण क्षेत्र के इच्छुक हितग्राहियों से इस अवसर का लाभ उठाते हुए ग्रामोद्योग स्थापना के लिए आवेदन करने की अपील की है।

### बिर्रेबेड़ा के ग्रामीणों को पेयजल के लिए अब तय नहीं करनी पड़ती दूरी

**कांकेर 13 अगस्त ।** जल जीवन मिशन के तहत जिले के अंदरूनी क्षेत्रों में क्रेडा के सोलर पंपों से पेयजल की आपूर्ति हो रही है। जिन गांवों में पहले पीने के पानी के लिए जद्दोजहद कर लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी, वहीं आज सोलर पंपों से स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल गांवों के प्रत्येक घर में पहुंच रहा है। कुछ साल पहले ग्रामीण महिलाओं को पानी भरने के लिए काफी दूर चलना पड़ता था, कुओं व हैण्डपंपों पर घंटों लाईन लगानी पड़ती थी लेकिन आज स्थिति बेहतर हो गई है।कांकेर जिले के कोयलीबेड़ा क्षेत्र के वनांचल ग्राम बिर्रेबेड़ा में जल जल जीवन मिशन योजना के तहत् 02 नग सोलर पेयजल पंपों की स्थापना छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) द्वारा किया गया है। सोलर पेयजल पंपों की स्थापना से उन्हें गंदे पानी की समस्याओं से मुक्ति मिली है। वर्तमान में सोलर ड्यूल पंप की स्थापना से ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित हो रही है। सहायक अभियंता क्रेडा ने बताया कि सोलर ड्यूल पंप स्थापना के पूर्व ग्रामीण जन पेजयल हेतु ग्राम से दूर स्थल नदी, नाला कुंआ तथा ग्राम में स्थापित हैण्ड पंप पर निर्भर रहते थे, जिससे उन्हें बहुत समय, शारीरिक कष्ट एवं परेशानियों का सामना करना पड़ता था।

# अब युवा करेंगे लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 13 अगस्त।** स्वास्थ्य संबंधी सही जानकारी को जन-जन तक पहुंचाने और बच्चों में होने वाली बीमारियों की समय पर पहचान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पालुराम धनानिया कॉमर्स एवं आर्ट्स कॉलेज, रायगढ़ के 145 विद्यार्थियों को सामुदायिक स्वास्थ्य स्वयंसेवक के रूप में उन्मुखीकृत किया गया। जिला स्वास्थ्य विभाग, रायगढ़ द्वारा यूनिसेफ छत्तीसगढ़ एवं एमसीसीआर ट्रस्ट के सहयोग से आयोजित इस विशेष उन्मुखीकरण कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सिकल सेल रोग, टाइप-1 मधुमेह, जन्मजात हृदय रोग सहित मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी गई।



कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देना ही नहीं, बल्कि उन्हें 'स्वास्थ्य जागरूकता के युवा दूत' के रूप में तैयार करना रहा, ताकि वे अपने परिवार, मित्रों और आसपास के समुदाय तक विश्वसनीय स्वास्थ्य संदेश पहुंचा सकें। विशेषज्ञों ने बताया कि जागरूक युवा बीमारियों के शुरुआती संकेतों की पहचान, भ्रांतियों को दूर करने और जरूरतमंद लोगों को समय पर स्वास्थ्य संस्थानों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

उन्मुखीकरण के दौरान बच्चों में होने वाले गैर-संचारी रोगों की समय पर पहचान को विशेष महत्व दिया गया। विद्यार्थियों को बताया गया कि अत्यधिक प्यास लगना, बार-बार पेशाब आना, बिना किसी स्पष्ट कारण के वजन कम होना तथा लगातार थकान या कमजोरी टाइप-1 मधुमेह के संभावित शुरुआती संकेत हो सकते हैं। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर बच्चे की समय पर जांच कराना जरूरी है, ताकि बीमारी की पहचान में देरी न हो और आवश्यक उपचार शीघ्र शुरू किया जा सके। इसी प्रकार सिकल सेल रोग के संबंध में समय पर जांच, नियमित उपचार और फॉलो-अप के महत्व की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को सिकल सेल रोग से जुड़ी भ्रांतियों एवं सामाजिक भेदभाव को दूर करने तथा प्रभावित बच्चों एवं उनके परिवारों को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने के लिए प्रेरित किया गया। जन्मजात हृदय रोग के संभावित संकेतों की पहचान और समय पर रेफरल के महत्व पर भी जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को समझाया गया कि बच्चों में असामान्य स्वास्थ्य संकेत दिखाई देने पर स्वयं उपचार की सलाह देने के बजाय उन्हें नजदीकी स्वास्थ्य संस्था अथवा स्वास्थ्य कार्यकर्ता से संपर्क करने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

### मातृ-शिशु स्वास्थ्य के संदेश भी पहुंचाएंगे युवा स्वयंसेवक

कार्यक्रम में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से जुड़े विषयों को भी प्रमुखता से शामिल किया गया। विद्यार्थियों को गर्भवती महिलाओं की नियमित स्वास्थ्य जांच, सुरक्षित एवं संस्थागत प्रसव, संतुलित एवं पौष्टिक आहार, एनीमिया की रोकथाम, नवजात शिशु की उचित देखभाल, स्तनपान तथा बच्चों के समय पर और पूर्ण टीकाकरण के महत्व की जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता के साथ-साथ सही जानकारी का सही समय पर समुदाय तक पहुंचना भी बेहद महत्वपूर्ण है। युवा स्वयंसेवक अपने परिवार एवं आसपास के लोगों के बीच स्वास्थ्य संबंधी विश्वसनीय जानकारी साझा कर समुदाय और स्वास्थ्य व्यवस्था के बीच एक प्रभावी सेतु के रूप में कार्य कर सकते हैं। विद्यार्थियों से आह्वान किया गया कि वे अपने आसपास के लोगों को बीमारियों के शुरुआती लक्षणों के प्रति जागरूक करें, संभावित लक्षण दिखाई देने पर संबंधित व्यक्ति को समय पर स्वास्थ्य संस्था तक पहुंचने के लिए प्रेरित करें तथा स्वास्थ्य संबंधी भ्रांतियों को दूर करने में सहयोग करें। साथ ही जरूरतमंद बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं परिवारों को उपलब्ध सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की गई।कार्यक्रम मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती रंजना पैकरा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला नोडल अधिकारी-एनसीडी डॉ. जावेद, जिला जन स्वास्थ्य नर्स श्रीमती सीमा बरेट तथा जिला सिकल सेल नोडल अधिकारी डॉ. सुमित मंडल उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजन में यूनिसेफ के हेल्थ स्पेशलिस्ट डॉ. गजेन्द्र सिंह एवं उनकी टीम का तकनीकी सहयोग रहा। वहीं डब्ब्त् ट्रस्ट के डायरेक्टर डॉ. डी. श्याम कुमार एवं उनकी टीम ने आयोजन एवं समन्वय में सहयोग प्रदान किया। कॉलेज प्रबंधन एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाएं लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई : कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 13 अगस्त ।** राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने और लंबित प्रकरणों का नियमानुसार समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने आज जिला कलेक्टोरेट में राजस्व अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने तहसीलवार राजस्व प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को गंभीरता और जवाबदेही के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में नक्शा बंटांकन, छह माह से अधिक समय से लंबित राजस्व प्रकरण, स्वामित्व योजना, मसाहती ग्रामों का राजस्व सर्वेक्षण, बकेट क्लेम रिपोर्ट, ग्राम पंचायत स्तर पर लंबित प्रकरण, भूमि पुनर्निर्धारण आवेदन, पट्टाधृति सर्वेक्षण एवं राजस्व अभिलेख अद्यतीकरण सहित विभिन्न राजस्व कार्यों की प्रगति की तहसीलवार समीक्षा की।

### नक्शा बंटांकन में कम प्रगति पर जताई नाराजगी

कलेक्टर ने नक्शा बंटांकन कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए कम प्रगति पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि राजस्व प्रकरण सीधे आम नागरिकों के अधिकारों और हितों से जुड़े होते हैं, इसलिए इनके निराकरण में संवेदनशीलता, पारदर्शिता और समयबद्धता आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा करते हुए उनके निराकरण की गति बढ़ाई जाए। कलेक्टर ने कहा कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं की जाएगी। लापरवाही बरतने वाले तहसीलदारों से लेकर पटवारियों तक के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# जिले के सभी आदि सेवा केंद्रों में 15 अगस्त से जनसुनवाई एवं संतृप्ति शिविर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 13 अगस्त।** आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत जिले के सभी आदि सेवा केंद्रों में 13 से 15 अगस्त तक जनसुनवाई एवं संतृप्ति शिविरों का आयोजन किया जाएगा। भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा 11 अगस्त को जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप आयोजित होने वाले इन शिविरों का उद्देश्य ग्रामीण एवं जनजातीय समुदाय तक शासन की योजनाओं और सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करना तथा पात्र हितग्राहियों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर उन्हें लाभान्वित करना है।

तीन दिवसीय शिविरों में नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों की सुनवाई कर उनके निराकरण की कार्यवाही की जाएगी। साथ ही पात्र हितग्राहियों की पहचान कर उन्हें संबंधित शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं से जोड़ने, आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी देने तथा विभिन्न विभागों की सेवाएं उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। शिविरों में संबंधित विभागों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी, ताकि नागरिकों को एक ही स्थान पर अधिक से अधिक शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ मिल सके।

शिविरों के प्रभावी संचालन में आदि सेवा स्वयंसेवकों की भी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। स्वयंसेवक ग्रामीणों एवं हितग्राहियों को शिविरों की जानकारी देने, पात्र हितग्राहियों की पहचान करने, आवश्यक दस्तावेजों के संबंध में मार्गदर्शन देने तथा उन्हें संबंधित विभागीय सेवाओं तक पहुंचाने में सहयोग करेंगे। इससे दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने की प्रक्रिया को और सुगम बनाया जा सकेगा।

### स्वतंत्रता दिवस पर होंगे विशेष आयोजन

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले के सभी आदि सेवा केंद्रों में ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान सहित स्वतंत्रता दिवस से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही आदि सेवा केंद्रों को जनभागीदारी एवं सामुदायिक सहभागिता के प्रभावी केंद्र के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया के अनुरूप विभिन्न गतिविधियां संचालित की जाएंगी।

अधिकारियों द्वारा केंद्रों का किया जाएगा निरीक्षण अभियान के तहत संचालित गतिविधियों की गुणवत्ता एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए निर्धारित अधिकारियों द्वारा आदि सेवा केंद्रों का निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान जनसुनवाई, हितग्राही संतृप्ति, विभागीय सहभागिता, आदि सेवा स्वयंसेवकों की सक्रियता तथा निर्धारित अन्य गतिविधियों की समीक्षा की जाएगी शिविरों के दौरान आयोजित गतिविधियों की जनपद स्तर पर पोर्टल में समयबद्ध एंट्री एवं रिपोर्टिंग की जाएगी।

# स्वतंत्रता दिवस से पूर्व मिनी स्टेडियम में की गई फुल ड्रेस रिहर्सल

**महासमुंद 13 अगस्त ।** स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) की अंतिम तैयारी के लिए आज कलेक्टर श्री विनय लंगेह और पुलिस अधीक्षक श्री प्रभात कुमार ने स्वतंत्रता दिवस परेड की फुल ड्रेस रिहर्सल में पुलिस, नगर सैनिक, एनसीसी एनएसएस की कुल 11 टुकड़ियों की परेड की सलामी ली। रिहर्सल मिनी स्टेडियम, महासमुंद में सुबह 9 बजे आयोजित की गई। इस अवसर पर एसडीएम सुश्री अक्षा गुप्ता मंच पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचे। आज फुल ड्रेस रिहर्सल में स्कूली बच्चों ने कलेक्टर, एसपी के समक्ष रिहर्सल किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने स्वतंत्रता दिवस पूर्ण गरिमा और उत्साह के साथ आयोजित करने के निर्देश दिए है। जिले के 6 स्कूलों से बच्चे छत्तीसगढ़ी और राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत गीत संगीत पर सांस्कृतिक प्रस्तुति देंगे। प्रमुख आकर्षण में विभिन्न शालाओं के 900 बच्चों द्वारा सामूहिक पीटी प्रदर्शन होगा। इस दौरान कलेक्टर एवं एसपी ने बैठक व्यवस्था, मंच आदि को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत की सीईओ सुश्री अनुपमा आनंद, अपर कलेक्टर श्री रवि साहू, उप पुलिस अधीक्षक श्री सुनील नायक एवं संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे ।



जिला मुख्यालय में आयोजित मुख्य समारोह में जिले के प्रभारी एवं खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री दयालदास बघेल मुख्य अतिथि होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार स्वतंत्रता दिवस को सुबह 8.58 बजे मुख्य अतिथि का आगमन होगा। सुबह 9 बजे वे ध्वजारोहण करेंगे। 9.03 बजे परेड का निरीक्षण, गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाएगा एवं मार्च पास्ट होगा। तत्पश्चात मुख्य अतिथि 9.30 बजे मुख्यमंत्री का जनता के नाम संदेश का वाचन करेंगे। इस अवसर पर शहीद परिवारों का सम्मान भी किया जाएगा। सुबह 10:05 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम के पश्चात 10:40 बजे उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मान करेंगे। सुबह 10:5 बजे कार्यक्रम का समापन होगा।

### स्वतंत्रता सद्भावना दौड़ का आयोजन 14 अगस्त को

**कांकेर 13 अगस्त ।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला मुख्यालय में स्वतंत्रता दिवस के पूर्व 14 अगस्त को प्रातः 07 बजे शासकीय नरहरदेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांकेर के खेल मैदान में स्वतंत्रता सद्भावना दौड़ का आयोजन किया जाएगा। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि इस दौड़ में जिला मुख्यालय के सभी स्कूल एवं कॉलेजों के विद्यार्थी, खिलाड़ी, मीडिया प्रतिनिधि, पत्रकार, गणमान्य नागरिक और आम जनता भाग ले सकेंगे।

# कृषि विज्ञान केन्द्र में हर्षोल्लास से मनाया गया हरेली तिहार

**महासमुंद, 13 अगस्त ।** कृषि विज्ञान केन्द्र, महासमुंद में छत्तीसगढ़ के प्रमुख पारंपरिक पर्व हरेली तिहार का आयोजन हर्षोल्लास एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री ताराचंद बेलची, प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस एवं ग्राम पंचायत भलेसर नयापारा के सरपंच श्री सेवाराम कुर्रे ने बैलों, हलों तथा कृषि यंत्रों एवं उपकरणों की पूजा-अर्चना कर अच्छी फसल एवं किसानों की समृद्धि की कामना की।

इस अवसर पर श्री ताराचंद बेलची ने हरेली पर्व की कृषि एवं पर्यावरणीय प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हरेली छत्तीसगढ़ की कृषि संस्कृति और लोक परंपराओं से जुड़ा पर्व है। यह किसानों, गौवंश, कृषि उपकरणों और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने की समृद्ध परंपरा का प्रतीक है। उन्होंने प्राकृतिक खेती के माध्यम से लौकी, ककड़ी एवं करेला जैसी सब्जियों का बेहतर उत्पादन लेने तथा दीमक के घर की मिट्टी से फास्फोरस एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों की उपलब्धता के संबंध में जानकारी दी।कार्यक्रम के दौरान डॉ. गजेन्द्र चन्द्राकर ने कीट प्रबंधन एवं पौध संरक्षण की विभिन्न तकनीकों की जानकारी दी। वहीं डॉ. सुनील अग्रवाल, प्रधान वैज्ञानिक, सस्य विज्ञान विभाग, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर एवं डॉ. गजेन्द्र चन्द्राकर, प्रधान वैज्ञानिक, कृषि कीट विज्ञान विभाग, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर की उपस्थिति में जैविक एवं प्राकृतिक खेती को लेकर कृषक-वैज्ञानिक परिचर्चा आयोजित की गई। वैज्ञानिकों ने घनजीवामृत, जीवामृत, बीजामृत, दशपर्णी अर्क, नीमास्त्र एवं ब्रह्मास्त्र आदि के उपयोग से फसलों और मृदा स्वास्थ्य को होने वाले लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रगतिशील कृषक श्री यादराम साहू, बागबाहरा ने बताया कि वे सुगंधित धान की जैविक खेती कर अच्छा लाभ प्राप्त कर रहे हैं। इससे मृदा स्वास्थ्य में भी सुधार हो रहा है। ग्राम धनसुली के कृषक श्री सोहन पटेल सहित अन्य प्रगतिशील किसानों ने भी परिचर्चा में भाग लिया।



इसके बाद कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रक्षेत्र का भ्रमण कर विभिन्न इकाइयों का अवलोकन किया गया। किसानों को प्राकृतिक खेती की तकनीकों को व्यवहारिक रूप से समझाने के उद्देश्य से प्रक्षेत्र में एक ब्लॉक का चयन कर प्राकृतिक खेती की प्रदर्शन इकाई स्थापित करने का निर्णय लिया गया। इससे जिले के किसान प्राकृतिक खेती की तकनीकों को समझकर उन्हें अपनाने और लाभ प्राप्त करने के लिए प्रेरित होंगे। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. आर.एल. शर्मा, विषय वस्तु विशेषज्ञ उद्यानिकी डॉ. साकेत दुबे, विषय वस्तु विशेषज्ञ मृदा विज्ञान डॉ. कुणाल चन्द्राकर, विषय वस्तु विशेषज्ञ कृषि एवं जल अभियांत्रिकी डॉ. रवीश केशरी तथा प्रक्षेत्र प्रबंधक श्री कमलकांत लोधी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### अमेज़न ग्रेट फ्रीडम सेल में सबसे बेहतरीन डील्स

**रायपुर, 13 अगस्त।** अमेज़न की ग्रेट फ्रीडम सेल अब लाइव हो चुकी है! इस सेल में रोज़मर्रा की ज़रूरतों के सामान, एआईद्वारा चुने गए किचन अप्लायंसेज, कुकवेयर, होम एसेंशियल्स, बेबी केयर, पेट केयर, न्यूट्रिशन, फर्नीचर, होम डेकोर, गार्डनिंग, फिटनेस इक्विपमेंट और ऑटोमोटिव एक्सेसरीज़ जैसी कई कैटेगरी में शानदार डील्स मिल रही हैं। यह शॉपिंग इवेंट विशेष रूप से चुने गए मेड-इन-इंडिया प्रोडक्ट्स, क्षेत्रीय लोकप्रिय चीज़ों और हाथ से बने खास सामानों के माध्यम से भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का जश्न भी मनाता है। ग्राहक कश्मीरी हस्तशिल्प, असम के बेंत और बांस से बनी कलाकृतियां, राजस्थान के पारंपरिक डेकोर और मसाले, केरल के बनाना चिप्स और तमिलनाडु के हस्तशिल्प से बने होम एसेंशियल्स की विस्तृत रेंज पर बेहतरीन ऑफर्स पा सकते हैं। यह चुनिंदा कलेक्शन ग्राहकों के लिए ऐसे प्रोडक्ट्स ढूंढना आसान बनाता है जो भारत की विविधता को दर्शाते हैं, साथ ही वे किफ़ायती कीमतों और तेज़ डिलीवरी की सुविधा का आनंद ले सकते हैं। अमेज़न ग्रेट फ्रीडम सेल के दौरान ढेर सारे आकर्षक पेमेंट ऑफर्स के साथ अपनी हर खरीदारी को और भी फ़ायदेमंद बनाएं।

### नए एफडीआई नियम से 1.8 करोड़ एमएसएमई होंगे सशक्त


**रायपुर, 13 अगस्त।** एम्पावर इंडिया ने अग्रणी उद्योग विशेषज्ञों के परामर्श से भारत सरकार द्वारा मेक इन इंडिया उत्पादों के इन्वेंट्री-आधारित ई-कॉमर्स निर्यात को सक्षम बनाने वाले ऐतिहासिक प्रत्यक्ष एफडीआई नियम सुधार का स्वागत किया है। विशेषज्ञों के विश्लेषण के अनुसार, यह नीति भारत के 1.8 करोड़ विनिर्माण एमएसएमई के लिए परिवर्तनकारी अवसरों का द्वार खोलती है। इस अवसर पर एम्पावर इंडिया के महानिदेशक के. गिरी ने कहा: यह नीति एक स्पष्ट और सशक्त संदेश देती है कि भारत बड़े पैमाने पर विनिर्माण के लिए तैयार है। मेक इन इंडिया केतहत उत्पादन करने की इच्छुक वैश्विक कंपनियों को अब एफडीआई समर्थित ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस के माध्यम से सीधेवैश्विक बाज़ारों तक पहुंच का मार्ग मिलेगा। केवल निर्यात के उद्देश्य से इन्वेंट्री-आधारित ई-कॉमर्स में एफडीआई की अनुमति देकर सरकार ने यह स्वीकार किया है कि वस्त्र, हस्तशिल्प, मसालों और अन्य वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी उत्पाद बनाने वाले भारत के 1.8 करोड़ एमएसएमई क्षमता की कमी से नहीं, बल्कि आवश्यक अवसंरचना के अभाव के कारण बड़े पैमाने पर निर्यात नहीं कर पा रहे थे। यह सुधार उसी बाधा को समाप्त करता है।

### गायन प्रतियोगिता में अरुणिमा को प्रथम पुरस्कार

**रायपुर, 13 अगस्त।** एक और नेशनल इवेंट में



अरुणिमा शर्मा ने अपनी गायकी का लोहा मनवा लिया. झूम तराना महोत्सव के जूनियर केटेगरी में फोक सांग की प्रस्तुति देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है. राजधानी के पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम इन दिनों बच्चों के गीत, नृत्य और रंगों से गुलजार है. 11 से 14 अगस्त तक यहां 'झूम तराना महोत्सव' का आयोजन किया जा रहा है। ऑल इंडिया लेवल के इस आयोजन में करीब 600 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। महोत्सव में म्यूजिक, डांस और आर्ट से जुड़े अलग-अलग कॉम्पिटिशन रखे गए हैं, जिनमें सब-जूनियर, जूनियर, सीनियर और ओपन कैटेगरी के प्रतिभागी अपनी प्रतिभा दिखा रहे हैं। खास बात यह है कि प्रतियोगिता में 10 वर्ष से कम उम्र के छोटे छोटे बच्चे भी हिस्सा ले रहे है महोत्सव के सिंगिंग कॉम्पिटिशन की जूनियर फोक कैटेगरी में अरुणिमा शर्मा (आद्या) ने पहला स्थान प्राप्त किया।



**रायपुर, 13 अगस्त।** अग्रसेन चौक मंगलम भवन के सामने एक बड़ा ट्रक नाले में धंस गया। गनीमत है वहां कोई मौजूद नहीं था वर्ना बड़ी जनहानि हो सकती थी।

# घुड़सवार दल व डॉग स्क्वाड होंगे परेड का आकर्षण

## पुलिस परेड ग्राउंड में मुख्यमंत्री फहराएंगे तिरंगा



**रायपुर, 13 अगस्त।** स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर राजधानी रायपुर में तैयारियां अंतिम दौर में पहुंच गई हैं। 15 अगस्त को पुलिस परेड ग्राउंड में होने वाले मुख्य समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और तिरंगा फहराएंगे। समारोह से पहले आज पुलिस परेड ग्राउंड में फुल ड्रेस रिहर्सल किया गया।

**17 टोलियां परेड में होंगी शामिल :** इस बार स्वतंत्रता दिवस की परेड में कुल 17 टोलियां शामिल होंगी। इनमें BSF, CRPF, ITBP, CISF और SSB की टुकड़ियां सलामी देंगी। खास बात यह है कि इस बार बिहार पुलिस की टोली भी परेड का हिस्सा बनेगी। इसके अलावा छत्तीसगढ़ पुलिस की पुरुष और महिला टुकड़ियों के साथ जेल पुलिस की टुकड़ी भी कदमताल करेगी।

परेड में नगर सेना और NCC की टुकड़ियां भी शामिल रहेंगी। सभी टुकड़ियां फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक परेड का अभ्यास कर रही हैं।

**घुड़सवार दल और डॉग स्क्वाड रहेंगे आकर्षण :** स्वतंत्रता दिवस समारोह में घुड़सवार दल और डॉग स्क्वाड विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगे। डॉग स्क्वायड की टीम अपने विशेष कौशल का प्रदर्शन करेगी। वहीं घुड़सवार दल की प्रस्तुति भी समारोह में मौजूद लोगों के लिए खास आकर्षण होगी।

**IPS विमल कुमार पाठक संभालेंगे परेड की कमान :** स्वतंत्रता दिवस परेड की कमान IPS विमल कुमार पाठक संभालेंगे। वहीं निशांत कुमार कुर्रे परेड कमांडर की जिम्मेदारी निभाएंगे। फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान सभी टुकड़ियां परेड की बारीकियों और निर्धारित क्रम का अभ्यास कर रही हैं। पुलिस और प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था के साथ समारोह स्थल की अन्य तैयारियों को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है। उद्देश्य है कि 15 अगस्त का मुख्य समारोह भव्य, व्यवस्थित और अनुशासित तरीके से संपन्न हो।

# देश के सर्वश्रेष्ठ पुलिस कप्तानों में छत्तीसगढ़ के भी तीन एसपी

**रायपुर, 13 अगस्त।** फेम इंडिया-एशिया पोस्ट ने देशभर के 100 सर्वश्रेष्ठ पुलिस कप्तानों की सूची जारी की है। इसमें छत्तीसगढ़ के भी पुलिस कप्तानों के नाम शामिल हैं। ये एसपी हैं प्रशांत कुमार ठाकुर (एसपी सूरजपुर, अब डीआईजी पीएचक्यू), राय गौरव रामप्रवेश (एसपी दंतेवाड़ा, अब बलौदाबाजार-भाटापारा), रॉबिन्सन गुरिया (एसपी नारायणपुर, अब डीसीपी रायपुर) राष्ट्रीय स्तर पर किए गए इस सर्वेक्षण का उद्देश्य उन पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व और कार्यों को पहचान देना है, जिन्होंने प्रभावी कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, जनोन्मुख पुलिसिंग और संवेदनशील प्रशासन के माध्यम से अपने क्षेत्रों में सुरक्षा एवं जनविश्वास का वातावरण मजबूत करने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई है।

किसी भी विकसित और समृद्ध समाज की महत्वपूर्ण पहचान उसके नागरिकों में सुरक्षा, न्याय और कानून के प्रति विश्वास की भावना होती है। जब नागरिक स्वयं को सुरक्षित महसूस करते हैं, तभी शिक्षा, व्यापार, उद्योग, निवेश और सामाजिक गतिविधियों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार होता है। इसलिए प्रभावी कानून व्यवस्था किसी भी राज्य और जिले के समग्र विकास की महत्वपूर्ण आधारशिला मानी जाती है।

जिला पुलिस का नेतृत्व करने वाले अधिकारी-चाहे वे एसपी, एसएसपी, डीसीपी, पुलिस कमिश्नर अथवा समकक्ष पद पर हों-कानून व्यवस्था बनाए रखने, अपराध नियंत्रण, महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा, साइबर एवं संगठित अपराध से मुकाबला, यातायात प्रबंधन तथा आपात और संकट की परिस्थितियों में त्वरित निर्णय लेने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**धरना**



**रायपुर, 13 अगस्त।** जिला शहर कांग्रेस कमेटी ने आज जिला अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन के नेतृत्व में एवं कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में राजीव गांधी चौक पर केंद्रीय जांच एजेंसियों के खिलाफ धरना दिया।

## भारतीय व्यापार महोत्सव में छग के व्यापारी लेंगे हिस्सा

**रायपुर, 13 अगस्त।** कैट के नेशनल वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन जितेन्द्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन, वाइस चेयरमेन सुरिन्दर सिंह, जीवत बजाज, प्रदेश महामंत्री अवनीत सिंह, प्रदेश कोषाध्यक्ष विजय पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, वासु माखीजा, राम मंधान, भरत जैन, राकेश ओचवानी एवं शंकर बजाज ने संयुक्त रूप से बताया कि आज देश के व्यापार और उद्यमिता को नई दिशा देने वाले भारतीय व्यापार महोत्सव 2026 के भव्य एवं ऐतिहासिक आयोजन का भूमि पूजन समारोह आज भारत मंडपम, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में पूरे वैदिक विधि-विधान से संपन्न हुआ। समारोह में कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.सी. भरतिया जी, राष्ट्रीय महामंत्री एवं चांदनी चौक सांसद प्रवीण खंडेलवाल जी, तथा नेशनल चेयरमेन बृजमोहन अग्रवाल जी के साथ कैट के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के नेशनल वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ विघ्नहर्ता भगवान गणेश जी की पूजा-अर्चना एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। सभी ने महोत्सव के सफल, सुरक्षित एवं भव्य आयोजन के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होनें ने कहा कि भारतीय व्यापार महोत्सव 2026 केवल एक व्यापारिक आयोजन मात्र नहीं है। यह स्वदेशी, आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के संकल्प को नई गति देने वाला ऐतिहासिक मंच बनेगा।

# गृह मंत्री झीरम के शहीदों की हत्या के लिये प्रायश्चित करें : बैज



**रायपुर, 13 अगस्त।** बस्तर में तिरंगा यात्रा के दौरान झीरम के शहीदों को नमन करने जाने के गृह मंत्री विजय शर्मा के बयान पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि विजय शर्मा जब झीरम जाये तो वहां पर शहीदों से माफी मांगे तथा झीरम नरसंहार के पाप के लिये प्रायश्चित भी करें। झीरम का नरसंहार भाजपा के शासनकाल में हुआ था। भाजपा की सरकार ने दुर्दांत नक्सल क्षेत्रों में कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा को सुरक्षा नहीं दिया, जिसके कारण कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा पर नक्सलियों ने आक्रमण किया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की पूरी पीढ़ी खत्म हो गयी थी। गृह मंत्री विजय शर्मा झीरम के शहीदों को नमन करने नहीं उन शहीदों के परिजनों के घावों पर नमक छिड़कने जा रहे है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि गृह मंत्री विजय शर्मा झीरम मामले में स्तरहीन राजनीति मत करें। हमारा उनसे सवाल है कि सुप्रीम कोर्ट ने भूपेश सरकार के समय जो एसआईटी बनी थी, दिसंबर 2023 में उस एसआईटी को झीरम की मामले की जांच करने की छूट दे गयी थी, फिर उसके बाद भाजपा की सरकार बनने के बाद विजय शर्मा खुद गृहमंत्री है क्यों उस एसआईटी में झीरम की मामले की जांच क्यों शुरू नहीं की?

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा सरकार ने नक्सलियों के सर्मपण करने के दावा किया था कि ऐसे बहुत नक्सली है जो झीरम के मामले में संलिप्त थे और अपनी गिरफ्तारी दी है, सरेंडर किया है।

## कांग्रेस देश में अराजकता और दोहरा चरित्र बंद करे : साव



रायपुर, 13 अगस्त।उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने आज कहा कि, कांग्रेस देश में अराजकता और दोहरा चरित्र बंद करें। वहीं अधिकारियों को धमकी देखकर खुद को कानून से ऊपर ना समझे, नहीं तो जनता जवाब देने के लिए तैयार है। कांग्रेस का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा। साव ने नवा रायपुर, अटल नगर कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि, ईडी 3 हजार करोड़ रुपए से अधिक के घोटाले की जांच कर रही है। ईडी के पास जांच में कांग्रेस नेता रामगोपाल अग्रवाल के खिलाफपर्याप्त सबूत है, और उस सबूत के आधार पर ईडी ने कार्रवाई की है। साव ने कहा कि, जिनके खिलाफघोटाले के आरोप है, और वह जेल में हैं, उसके पक्ष में खड़े होकर कांग्रेस क्या साबित कर रही है। दरअसल, कांग्रेस हमेशा घोटालेबाजों और अपराधियों के साथ खड़ी दिखती है। कानून से परे जाकर धमकी देने पर उतारू हो गए हैं। उन्होंने कहा कि, ये बताता है इनके मानसिक हालात क्या हो गए हैं। क्यों इस प्रकार की धमकी दी जा रही है। ये स्पष्ट करता है ईडी को बहुत कुछ साक्ष्य मिलना है। साव ने कांग्रेस नेता के अमर्यादित बोल पर कहा कि, भूपेश बघेल जिस भाषा का उपयोग कर रहे हैं, ये लोकतंत्र में अक्षम्य है।

# स्काउट एवं गाइड के नेतृत्व में 5000 बच्चों ने निकाली तिरंगा यात्रा



**रायपुर, 13 अगस्त।** 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारत स्काउट एवं गाइड छत्तीसगढ़ के मार्गदर्शन में जिला रायपुर में भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली में करीब 5000 स्कूली बच्चों ने भाग लेकर देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और तिरंगे के सम्मान का संदेश दिया। राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा के आदेश पर आयोजित इस रैली का शुभारंभ बलवीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम, बूढ़ा तालाब से हुआ और यह रैली नेताजी सुभाष चंद्र स्टेडियम चौक तक पहुंची। जिला अध्यक्ष जी स्वामी, जिला मुख्य आयुक्त राजीव चक्रवर्ती और जिला आयुक्त व जिला शिक्षा अधिकारी एमजी सतीश के मार्गदर्शन में यह आयोजन हुआ। रैली का नेतृत्व जिला सचिव मृत्युंजय शुक्ला ने किया।

आयोजकों का कहना है कि इस रैली का मुख्य उद्देश्य लोगों में राष्ट्रीय भावना को मजबूत करना और स्वतंत्रता दिवस के आदर्शों समानता, शांति और सेवा के प्रति प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करना था।

## कुत्तों का निःशुल्क एंटीरेबीज टीकाकरण

**रायपुर, 13 अगस्त।** पेट हेल्थ क्लीनिक शंकर नगर, रायपुर में दिनांक 15 अगस्त, 2026 को कुत्तों में निःशुल्क एण्टीरेबीज टीकाकरण एवं पौधे वितरण का आयोजन किया जा रहा है। पेट हेल्थ क्लीनिक के संचालक डॉ. पदम जैन ने बताया कि यह टीकाकरण कार्यक्रम का लगातार 22 वॉ वर्ष है, एवं प्रतिवर्ष लोगों में इस आयोजन के लिए उत्सुकता बढी है एवं विगत वर्षों से समस्त लाभांवित श्वान मालिको को फलदार पौधे का वितरण भी किया जा रहा है। इस वर्ष संस्था नेचर एण्ड हेल्थ वेलफेयर सोसायटी द्वारा इस आयोजन हेतु सहयोग प्राप्त हुआ है, जिससे की लोगों में इस आयोजन के प्रति उत्सुकता को प्रदर्शित करता है। डॉ. पदम जैन, ने बताया की इस टीकाकरण कार्यकम का प्रमुख उद्देश्य रेबीज के बारे में जागृति पैदा करना है। साथ ही साथ पौधे वितरण के द्वारा पर्यावरण के प्रति लोगों में जागरूकता लाना यही इस टीकाकरण एवं पौधे वितरण का प्रमुख उद्देश्य है। इस दिन प्रातः 9.00 बजे से लेकर दोपहर 2.00 बजे तक कुत्तों में एण्टीरेबीज के टीके निःशुल्क हमारे क्लीनिक शाप नं.-07, अशोका टावर, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.) में लगाए जाएगें।

# छात्र-छात्राओं ने निकाली तिरंगा साइकिल यात्रा



**रायपुर, 13 अगस्त।** देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और तिरंगे के सम्मान का संदेश लेकर 11 अगस्त 2026 को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, ग्राम गुधेली में जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी के नेतृत्व में भव्य तिरंगा साइकिल यात्रा निकाली गई। यात्रा में सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक, ग्रामीण एवं क्षेत्र के नागरिक उत्साहपूर्वक शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के चित्र पर पूजा-अर्चना एवं पुष्प अर्पित कर की गई। इसके बाद हाथों में तिरंगा लेकर विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों ने देशभक्ति के उत्साह के साथ साइकिल यात्रा प्रारंभ की। डीजे एवं देशभक्ति गीतों के बीच तिरंगा यात्रा जब गांव की गलियों से निकली तो पूरा वातावरण राष्ट्रप्रेम और देशभक्ति से ओत-प्रोत हो गया। विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला और उनके हाथों में लहराते तिरंगे यात्रा के आकर्षण का केंद्र रहे। जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने विद्यार्थियों के साथ यात्रा में सहभागिता करते हुए कहा कि 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस का पर्व अब केवल तीन दिन दूर है। ग्राम सोढ़ स्थित पंडित जवाहर लाल नेहरू शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी के नेतृत्व में भव्य तिरंगा साइकिल यात्रा निकाली गई।

## धर्मेंद्र प्रधान को बचाने विजय शर्मा ने जज के शब्दों का झूठा सहारा लिया: डॉ. महंत

**रायपुर, 13 अगस्त।** छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा है कि कल की अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री



विजय शर्मा ने धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को लेकर जो कहानी सुनाई, वह तथ्यों पर नहीं, बल्कि सफ़ेद झूठ पर आधारित है। विजय शर्मा ने कहा कि एक जज साहब ने कुछ शब्द लिख दिए, उसके कारण हमारे शिक्षा मंत्री का इस्तीफा हो गया। यह बयान न केवल सच्चाई से परे है, बल्कि करोड़ों छात्रों के संघर्ष का भी अपमान है।

डॉ. महंत ने कहा कि धर्मेंद्र प्रधान किसी जज की टिप्पणी से नहीं गए। उन्हें इसलिए जाना पड़ा क्योंकि नीट सहित प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक, संगठित भ्रष्टाचार, परीक्षा माफिया और सरकारी संरक्षण में पनपी अव्यवस्था ने पूरे देश का विश्वास तोड़ दिया था। लाखों छात्रों का भविष्य दांव पर लगा, परिवार सड़क पर उतरे, देशव्यापी जनाक्रोश पैदा हुआ और सरकार को आखिरकार अपने शिक्षा मंत्री की बलि देनी पड़ी। यह कहना कि एक जज के कुछ शब्दों से मंत्री का इस्तीफा हो गया, भाजपा द्वारा अपने ही भ्रष्ट और विफल तंत्र को बचाने के लिए गढ़ा गया नया झूठ है।

## रिया सिंह बनी सावन क्वीन व सीता उपविजेता



**रायपुर, 13 अगस्त।** संजय नगर बेटी बचाओ मंच का सावन महोत्सव पुरखौती मुक्तांगन में संपन्न हुआ. मंच के प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा के मुख्य मुख्य आतिथ्य, संजय नगर अध्यक्ष संजना तिवारी की अध्यक्षता, व स्वरा मिश्रा के विशेष आतिथ्य में सावन क्वीन तथा विविध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ. रिया सिंह सावन क्वीन विजेता तथा सीता निषाद उपविजेता चुनी गई. उक्त अवसर पर सावन के महत्व पर प्रश्नोत्तरी में प्रथम सुनीता चंद्राकर, सावन गीत में प्रथम यशोदा वर्मा, सामान्य ज्ञान में प्रथम सुनीता चौहान विजयी रहे. प्रातः 11:00 से मंच की महिलाएं ग्रीन परिधान में माथे में कलगी, सुता, पुतरी, पैजन, करधन, से सुसज्जित छत्तीसगढ़ महतारी के भेष में मुक्तांगन पहुंचे. मुख्य अतिथि ललित मिश्रा व अतिथि गणों ने छत्तीसगढ़ महतारी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की.

# मंत्री ने गर्लफ्रेंड के लिए बनवाया 3 करोड़ का बंगला : भूपेश

**रायपुर, 13 अगस्त।** छत्तीसगढ़ में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बयान से सियासी बवाल मच गया है। भूपेश बघेल ने कहा कि बीजेपी सरकार के एक मंत्री ने अपनी गर्लफ्रेंड के लिए 3 करोड़ का बंगला बनवाया है। इतना ही नहीं लोकसभा चुनाव के दौरान मंत्रियों ने फाइव स्टार होटल में बैठकर पैसे की उगाही की है। बघेल ने कहा कि उनको सब जानकारी है। सरकार आने के बाद इन सबका हिसाब होगा।शराब घोटाले के आरोपी रामगोपाल अग्रवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ कांग्रेस ने धरना दिया। इस धरने में भूपेश बघेल शामिल हुए और उन्होंने सरकार पर यह गंभीर आरोप लगाए।

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेश बघेल ने राजधानी रायपुर में कांग्रेस के प्रदर्शन के दौरान राज्य सरकार और बीजेपी नेताओं पर तीखा हमला बोला। शराब घोटाले में कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल की गिरफ्तारी के विरोध में हुए इस प्रदर्शन में पहुंचे बघेल ने कहा कि उनके पास मौजूदा सरकार से जुड़े कई मामलों की जानकारी है। बघेल ने कहा कि कांग्रेस की सरकार दोबारा सत्ता में आई तो उन सभी मामलों का हिसाब लिया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि एक मंत्री ने अपनी गर्लफ्रेंड के लिए तीन करोड़ का बंगला बनवाया है। उन्होने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान एक बड़े पांच सितारा होटल में बैठकर किन लोगों से पैसे लिए गए, इसकी जानकारी भी उनके पास है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि सत्ता में आने के बाद किसी को छोड़ा नहीं जाएगा और सभी मामलों की जांच कराकर



जवाबदेही तय की जाएगी।

प्रवर्तन निदेशालय ने 11 अगस्त को छत्तीसगढ़ के शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस ने राजीव गांधी चौक पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में प्रदेश कांग्रेस के कई नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी मौके पर पहुंचे और केंद्र सरकार की जांच एजेंसियों की कार्रवाई को लेकर सवाल उठाए। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि राजनीतिक विरोधियों को निशाना बनाने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल किया जा रहा है। भूपेश अग्रवाल ने कहा कि शराब घोटाले में रामगोपाल अग्रवाल का नाम जबरन जोड़ा गया है। पहले उनका नाम नहीं था यह बाद में जोड़ा गया है।

भूपेश बघेल ने कहा कि इन सब मामलों का करारा जवाब दिया जएगा। कांग्रेस का कहना है कि रामगोपाल अग्रवाल की गिरफ्तारी राजनीतिक प्रतिशोध का हिस्सा है। पार्टी नेताओं ने केंद्र सरकार पर केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्षी नेताओं को लगातार निशाना बनाया जा रहा है। वहीं, श्रष्ठ की कार्रवाई को जांच एजेंसी अपनी कानूनी प्रक्रिया का हिस्सा बता रही है। एजेंसी का कहना है कि मामले में मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े तथ्यों और वित्तीय लेन-देन की जांच की जा रही है।

बीजेपी प्रवक्ता अमित चिमनानी ने कहा कि लगतार भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरी कांग्रेस अब लोकतांत्रिक एवं राजनीतिक मर्यादाओं को तोड़ रही है।किसी भी व्यक्ति के चरित्र पर बिना तथ्य पेश किय आरोप लगाना राजनीतिक हल्केपन का प्रमाण है पहले भी भूपेश बघेल पर झूठी सीडी बांटने के आरोप है।राजनीति में आरोप के बदले आरोप लगाना ये कांग्रेस का इतिहास रहा है पिछले कई वर्षों में कांग्रेस के अनेक घोटाले सामने आए है, कई लोग जेल गए है ऐसे में उन्हें भ्रष्टाचार पर सफाई देनी चाहिए न कि आरोप लगाकर धमकी देनी चाहिए।

# स्पाउसल ग्रुप ने किया पौधारोपण

**रायपुर, 13 अगस्त।** बिज़नेस ओनर्स और शीर्ष अधिकारियों के प्रतिष्ठित ग्लोबल एग्जीक्यूटिव नेटवर्किंग संगठन, कॉर्पोरेट कनेक्शंस के रायपुर चैप्टर (सीसी रायपुर 1) ने के स्पाउसल ग्रुप ने इंद्रप्रस्थ कॉलोनी, सरोना स्थित अम्यूजोरामा अम्यूज़मेंट पार्क में एक विशाल वृक्षारोपण अभियान का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ कम्युनिटी और लाइफस्टाइल में एक सार्थक और सकारात्मक बदलाव लाना है। विश्वास और विश्वसनीयता की नींव पर बने इस एक्सक्लूसिव नेटवर्क के स्पाउसल ग्रुप के सदस्यों ने एकजुट होकर विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए। इस आयोजन का नेतृत्व सीसी रायपुर 1 की स्पाउसल चेयरपर्सन प्रिया माहेश्वरी ने किया। कार्यक्रम के दौरान आइस क्यूब हॉलीडेज़ से दिशा भाटिया, अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स से अंकिता बरड़िया, अम्यूज़ोरामा से रिंकू अग्रवाल और बीएनआई से श्वेता बैस्य व राजेश बैस्य मुख्य रूप



से उपस्थित रहे। इस अवसर पर कॉर्पोरेट कनेक्शंस, रायपुर की स्पाउसल चेयरपर्सन प्रिया माहेश्वरी ने कहा, कॉर्पोरेट कनेक्शंस का उद्देश्य केवल बिज़नेस ग्रोथ नहीं है, बल्कि यह दुनिया भर के बिज़नेस लीडर्स को उनके बिज़नेस, कम्युनिटी और निजी जीवन में नए अवसर पैदा करने के लिए सशक्त बनाता है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26